दैनिक
नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 17 | अंक 220 | सीकर, शुक्रवार 09 अक्टूबर 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

35 हजार की रिश्वत लेते वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी का दलाल गिरफ्तार

चिकित्सा अधिकारी सरकारी आवास से डिटेन



निसं

जयपुर (नवयत्न)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धौलपुर चौकी ने गुरुवार को ट्रेप कार्रवाई करते हुए राजकीय चिकित्सालय नदबई जिला भरतपुर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ शशिकान्त शर्मा के लिए 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते दलाल त्रिलोकचन्द शर्मा उर्फ चीनू को गिरफ्तार किया। वहीं एसीबी ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ शशिकान्त शर्मा को उनके सरकारी आवास से डिटेन किया है। एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता के अनुसार परिवादी ने धौलपुर चौकी में शिकायत दी थी कि उसने नदबई थाने में मारपीट का मामला दर्ज कराया था। प्रकरण में उसके परिजनों को आई चोटों का मेडिकल परीक्षण राजकीय चिकित्सालय नदबई में कराया जाना था। आरोप है कि मेडिकल रिपोर्ट में गंभीर प्रकृति की मेडिकल रिपोर्ट (हैवी एमएलसी) बनाने की एवज में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ शशिकान्त शर्मा अपने दलाल त्रिलोकचन्द शर्मा के माध्यम से 35 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत के बाद एसीबी ने गोपनीय सत्यापन कराया। इसमें डॉ शशिकान्त शर्मा द्वारा अपने दलाल त्रिलोकचन्द शर्मा के माध्यम से 35 हजार रुपए की रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी धौलपुर चौकी के पुलिस उपाधीक्षक प्रेमचन्द मीणा के नेतृत्व में टीम ने ट्रेप कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान त्रिलोकचन्द शर्मा उर्फ चीनू को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। रिश्वत की राशि उसकी पेंट की जेब से बरामद हुई। वहीं डॉ शशिकांत शर्मा को उनके सरकारी आवास से डिटेन किया गया।

जीएसटी परिषद की बैठक में कई बड़े फैसले



गिरफ्तारी का अधिकार खत्म, अभियोजन की सीमा 5 करोड़ रु.

नई दिल्ली।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि जीएसटी परिषद ने कर अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति खत्म कर दी है और मुकदमा चलाने की सीमा को 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद ने इलेक्ट्रॉनिक वाणिज्य मंच पर छोटे विक्रेताओं के लिए आसान नियमों को भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि दरों का ढांचा तय हो चुका है, इसलिए परिषद अब इस बात पर ध्यान दे रही है कि कर व्यवस्था रोजाना कैसे काम करती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव अब साल में एक बार होगा।

खरीद पर चुकाए कर की साख के दावे के बारे में उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में अधिकारियों की एक समिति बनाने का फ़ैसला किया गया है। यह समिति इस बात की जांच करेगी कि ऐसे असली खरीदार को कैसे सुरक्षित रखा जाए, जिसके पास सही बीजक हो, जिसे सामान मिल गया हो और जिसने अपने आपूर्तिकर्ता को पूरा भुगतान कर दिया हो। निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम दरों में बदलाव साल में सिर्फ़ एक बार करेंगे और यह फ़ैसला 1 अप्रैल से लागू होगा।

धनवापसी की प्रक्रिया में तेजी और कर साख का विस्तार

जीएसटी परिषद की गुरुवार को हुई 57वीं बैठक में देश में व्यापार में आसानी को बढ़ाने के लिए कई फैसले लिए गए, जिसमें धनवापसी प्रक्रिया को तेज करना और आईटीसी का विस्तार भी शामिल हैं। जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में धनवापसी प्रक्रिया को तेज बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके तहत अब धनवापसी के दावे को स्वीकार करने की अवधि को 15 दिनों से घटाकर 10 दिन कर दिया गया है। अगर इस समय-सीमा के अंदर न तो धनवापसी का कोई दावा स्वीकार होता है और न ही इसमें किसी कमी के बारे में सूचना जारी की जाती है, तो दावे को स्वीकार किया हुआ माना जाएगा।

इसमें किसी अधिकारी के बजाय स्वचालित प्रणाली जोखिम मूल्यांकन के आधार पर दावे का 90 प्रतिशत हिस्सा मंजूर करेगी। अभी धनवापसी आदेश मिलने के सात दिनों के भीतर रकम जारी की जाती है, लेकिन अब यह तीन कार्यदिवसों के भीतर जारी कर दी जाएगी। इससे नकद बहीखाते में मौजूद अतिरिक्त शेष राशि की धनवापसी पूरी तरह से स्वचालित हो जाएगी, जिसमें किसी अधिकारी के दखल की जरूरत नहीं होगी। इन बदलावों से खास तौर पर निर्यातकों और 'उल्टी शुल्क संरचना' के तहत काम करने वाले व्यवसायों को मदद मिल सकती है।

नाना पाटेकर का निधन

आखिरी वीडियो में ड्रम बजाते दिखे

नई दिल्ली।



नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 75 साल की उम्र में निधन हो गया। गोवा स्थित घर में उनकी हृदयगति रुक गई थी। उन्हें करीब 45 मिनट तक सीपीआर दी गई, लेकिन बचाया नहीं जा सका। नाना पाटेकर के अंतिम संस्कार की तैयारियां चल रही हैं। पुणे में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मणिपाल अस्पताल के डॉ. शेखर सालकर के मुताबिक नाना पाटेकर का सुबह 5:20 बजे निधन हुआ। घटना के वक्त नाना के साथ घर पर परिवार का कोई सदस्य नहीं था। उनके दोस्त और देखभाल करने वाले मौजूद थे। नाना पाटेकर का 4 दिन पुराना आखिरी वीडियो सामने आया है। इसमें नाना पाटेकर ड्रम बजाते, नृत्य करते और मस्ती करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा था, हम सभी को एक दिन जाना है। पता नहीं मैं कल यहां रहूंगा या नहीं।

'परिंदा' में खलनायक बने, 3 राष्ट्रीय पुरस्कार

नाना पाटेकर ने 100 से ज्यादा फिल्में कीं। 1989 की फिल्म 'परिंदा' में नाना ने अन्ना का किरदार निभाया, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। 1994 की 'क्रांतिवीर' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। 1996 की 'अग्निसाक्षी' के लिए भी उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इस तरह उन्हें फिल्मी जीवन में 3 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए नाना पाटेकर को 2013 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। अपने लंबे फिल्मी जीवन में उन्होंने हिंदी के साथ मराठी फिल्मों में भी काम किया।

प्रधानमंत्री ने श्रद्धांजलि दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाने-माने अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर गुरुवार को शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसे किरदार निभाए, जिन्हें पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पाटेकर को 'क्रांतिवीर' बताते हुए कहा कि अभिनेता ने इसी नाम की अपनी फिल्म के जरिए समाज में व्याप्त बुराइयों पर कड़ा प्रहार किया था।

न्यू सांगानेर रोड पर लाल निशान से बवाल

जेडीए के खिलाफ महिलाओं ने निकाली प्रतीकात्मक अर्थी



टायर जलाकर जेडीए के खिलाफ सड़क पर उतरे व्यापारी और महिलाएं

निसं

जयपुर (नवयत्न)। न्यू सांगानेर रोड को 100 फीट चौड़ा करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्रवाई के विरोध में स्थानीय लोगों और व्यापारियों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोग सड़क पर जुटे और टायर जलाकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने जेडीए के नाम से प्रतीकात्मक अर्थी निकाली और नारेबाजी की। प्रदर्शन के कारण सोडाला और न्यू सांगानेर रोड पर यातायात प्रभावित रहा। जेडीए सोडाला तिराहे से गुर्जर की थड़ी तक सड़क चौड़ीकरण के लिए कार्रवाई कर रहा है। जेडीए के अनुसार सड़क सीमा में आने वाले निर्माणों को हटाया जाना है। कार्रवाई के दायरे में 210 संपत्तियों को नोटिस दिए गए हैं। इनमें मकान, दुकान, शोरूम, दीवार, रैंप सहित विभिन्न तरह के अतिक्रमण शामिल हैं। वहीं स्थानीय लोगों का दावा है कि 200 से अधिक मकान-दुकानें प्रभावित हो सकती हैं।

पहले 700 मीटर में कार्रवाई

जेडीए ने 5 अक्टूबर से न्यू सांगानेर रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की थी। पहले चरण में सड़क के दोनों ओर करीब 700 मीटर हिस्से से रैंप, रेलिंग, फुटपाथ, टिनशेड, सीढ़ियां और बाउंड्रीवॉल सहित निर्माण हटाए गए। अब करीब 1.7 किलोमीटर शेष हिस्से में कार्रवाई की तैयारी है। जेडीए के अनुसार पूरी सड़क पर करीब 260 अवैध निर्माण हटाए जाने हैं। प्रवर्तन शाखा के पुलिस उपाधीक्षक इस्लाम खान ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर डिमार्केशन कराया गया, नोटिस दिए गए और पीटी सर्वे भी कराया गया है। उन्होंने कहा कि आपत्तियों की प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

124 आपत्तियां लंबित

जेडीए के अनुसार नगर निगम से संबंधित 124 आपत्तियां अभी लंबित हैं। इनमें करीब 100 आपत्तियां नगर निगम के क्षेत्राधिकार से जुड़ी बताई जा रही हैं। जेडीए ने इनके निस्तारण के लिए हाईकोर्ट से चार सप्ताह का समय मांगा है। मामले में करीब दो सप्ताह बाद फिर सुनवाई होनी है। इससे पहले जेडीए ने 6 अक्टूबर को हाईकोर्ट में कार्रवाई की पालना रिपोर्ट भी पेश की थी। इसके बावजूद प्राधिकरण ने 9 अक्टूबर से आगे की कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम सिविल लाइंस जोन के उपायुक्त मनोहर लाल जाट ने कहा कि जानकारी मिलने के बाद टीम गठित की गई है और दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है। अशोक नगर में निगम की ओर से कुछ पट्टे जारी किए गए हैं। इनकी संख्या टीम की रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी।

डिमार्केशन का आधार स्पष्ट नहीं

न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल के महामंत्री पंकज शर्मा ने कहा कि व्यापारियों का विरोध डिमार्केशन को लेकर भी है। उनका कहना है कि सड़क चौड़ीकरण का आधार स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने विवेक विहार और श्याम नगर मेट्रो स्टेशन परिसरों को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि एक ही रोड एलाइनमेंट पर स्थित इन परिसरों को कार्रवाई से अलग रखा गया, जबकि आसपास की निजी संपत्तियों पर लाल निशान लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पहले डिवाइडर को सड़क का मध्य बिंदु मानकर दोनों ओर समान कार्रवाई की बात कही गई थी, लेकिन मौके पर निशान लगाते समय गूगल कोऑर्डिनेट के आधार पर अलग-अलग माप किया गया। इससे एक तरफ अधिक और दूसरी तरफकम हिस्से में लाल निशान लगाए गए।

पुराने पट्टे हैं, फिर भी अतिक्रमण बताया

स्थानीय निवासी मनोज कुमावत ने कहा कि जेडीए में उन्हें अलग नक्शा दिखाया गया था, जबकि निशान लगाने के दौरान अलग स्थिति सामने आई। उन्होंने कहा कि वर्षों पुराने प्रतिष्ठानों को अतिक्रमण बताया जा रहा है और कार्रवाई हुई तो कई परिवार सड़क पर आ जाएंगे। संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि आपत्तियों के निस्तारण की जानकारी नहीं दी जा रही। उन्होंने 1979 का सोसायटी पट्टा होने का दावा किया। व्यापारियों का कहना है कि उनके पास पुराने पट्टे और दस्तावेज हैं, इसके बावजूद संपत्तियों को अतिक्रमण की श्रेणी में रखा जा रहा है।

नाहरगढ़ अभयारण्य में वनपाल एवं वनरक्षक 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार



निसं

जयपुर (नवयत्न)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की स्पेशल यूनिट-द्वितीय जयपुर ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए नाहरगढ़ अभयारण्य की काला महादेव चौकी पर तैनात वनपाल और वनरक्षक को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी वनपाल श्याम सिंह को 20 हजार रुपए तथा वनरक्षक शिवकिशोर को 30 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा गया। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसने आमेर के मावठा में शूटिंग का कार्य किया था। इस कार्य से संबंधित सिक्योरिटी राशि वापस दिलाने की एवज में काला महादेव चौकी, नाहरगढ़ अभयारण्य में पदस्थ श्याम सिंह और शिवकिशोर रिश्वत की मांग कर रहे थे। शिकायत के अनुसारए श्याम सिंह पहले ही परिवादी से 15 हजार रुपए रिश्वत ले चुका था और इसके बाद 20 हजार रुपए की मांग कर रहा था। वहीं, शिवकिशोर 30 हजार रुपए मांग रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक एसीबी जयपुर पीयूष दीक्षित के सुपरविजन में टीम गठित की गई। टीम ने गुरुवार को ट्रेप कार्रवाई करते हुए श्याम सिंह को 20 हजार और शिवकिशोर को 30 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

ईडब्ल्यूएस के सरलीकरण पर लाडनूं में भाटी की हुंकार

दरगाह पर माला लिए इंतजार करते रह गए शहरकाजी

अबूबकर बल्खी



लाडनूं (नवयत्न)। शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी गुरुवार शाम को लाडनूं पहुंचे, जहां उन्होंने ईडब्ल्यूएस आरक्षण की विकृतियों में सरलीकरण की मांग को लेकर कमल चौक पर आयोजित विशाल सभा को संबोधित किया। सभा में बड़ी संख्या में युवा जुटे और आरक्षण के मुद्दे को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। लाडनूं पहुंचने पर उमराव शाह दरगाह के पास उमराव खान की टीम की ओर से रविन्द्र सिंह भाटी का साफा एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इसके बाद भाटी मुख्य बस स्टैंड होते हुए सभा स्थल कमल चौक पहुंचे। यहां रघुवीर सिंह राठौड़ के परिवार की ओर से साफा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाटी ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने और व्यवस्था के सरलीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर जिन जनप्रतिनिधियों को जनता चुनकर विधानसभा और संसद में भेजती है, वे इस विषय पर खुलकर बोलने से बचते हैं। युवाओं की आवाज को मजबूती से सदन में उठाने की जरूरत है।

दरगाह पर इंतजार करते रहे शहरकाजी

भाटी के लाडनूं दौरे के दौरान तय यात्रा मार्ग के अनुसार भाटी का काफिला डीडवाना पुलिया से होते हुए टंकी चौराहा, राजकीय चिकित्सालय के सामने से सैयद उमराव शहीद की दरगाह होकर गुजरना था। दरगाह पर लाडनूं चीफ शहरकाजी सैयद मोहम्मद मदनी अशरफी एवं दरगाह के खादिम उनके इस्तकबाल के लिए माला और साफा लिए मौजूद थे। हालांकि भाटी का काफिला दरगाह पर बिना रुके आगे निकल गया। इसके चलते वहां मौजूद लोगों में इस घटनाक्रम को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं सुनने को मिली। बाद में भाटी का काफिला कमल चौक पहुंचा, जहां उन्होंने ईडब्ल्यूएस आरक्षण के सरलीकरण की मांग को लेकर आयोजित सभा को संबोधित किया।

दो संतों के बीच हुए झगड़े के दौरान एक की मौत मामले में समाधि से निकाला शव, हत्या का मामला दर्ज





नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। तहसील के ग्राम सांगासर में दो संतों के बीच हुए झगड़े के बाद एक संत की हुई मौत मामले में गुरुवार को करीब 50 घंटे बाद शव को समाधि से बाहर निकालकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

उक्त घटना को लेकर बुधवार को बवाल भी मच गया था तथा आक्रोशित लोगों ने सालासर सड़क मार्ग को जाम कर दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब एक घंटे की समझाइश के बाद आवागमन को दुरुस्त करवाया गया। मामले के अनुसार हरियाणा के सिरसा जिले के गांव धौलपालिया निवासी हंसराज पुत्र मोहनलाल ने बुधवार की पुलिस को दी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि उसका छोटा भाई बन्नानाथ वर्ष 2004 में संन्यास लेकर साधु बन गया था तथा दो वर्षों से रावतसर में बालकनाथ के आश्रम में रह रहा था। 30 सितंबर को बन्नानाथ गांव आया था। इसी दौरान दो अक्टूबर को उन्हें बालकनाथ का फोन आया तथा सत्संग में चलने के लिए कहा, जिस पर वह तीन अक्टूबर को रावतसर आ गया। चार अक्टूबर को पता चला कि बालकनाथ उसके भाई को रतनगढ़ तहसील के ग्राम सांगासर स्थित बजरंगनाथ के पास छोड़कर आ गया और एक सप्ताह बाद पुन: उसे लेने आएगा। इसके बाद बन्नानाथ से कोई संपर्क नहीं हुआ।

जब इस संबंध में बालकनाथ से बात की, तो उसने संतोषप्रद जबाब नहीं दिया। जब जानकारी की तो पता चला कि उसके भाई का बालकनाथ के साथ झगड़ा हुआ है और उसकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि बन्नानाथ के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी तथा सबूत छिपाने के लिए इन लोगों ने उसे बिना किसी की जानकारी के समाधि दे दी। पुलिस ने बालकनाथ, बजरंगनाथ, मुकेशनाथ, लूणनाथ, लक्ष्मीनारायण एवं अन्य अज्ञात के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। प्रकरण में उपखंड मजिस्ट्रेट के आदेश एवं तहसीलदार अंकित मिमानी के निर्देशन में मेडिकल एवं एफएसएल टीम की मौजूदगी में शव को तीन दिनों बाद समाधि से निकालकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है, जहां पर पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। इस दौरान सीआई संदीप कुमार सहित पुलिस जाब्ता तैनात रहा। वहीं मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन सुर्खियों में बने रहने की कोशिश : मदन राठौड़

राहुल गांधी के व्यवहार पर भी उठाए सवाल, बोले- कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति नेताओं के बयानों से हो रही स्पष्ट

निसं

जयपुर (नवयत्न)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दिल्ली में कांग्रेस के चुनाव आयोग के खिलाफ किए जा रहे प्रदर्शन को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि दिल्ली में चुनाव आयोग बनाम कांग्रेस पार्टी की स्थिति बनाई जा रही है। यदि कांग्रेस को चुनाव आयोग से कोई शिकायत है तो उसे निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोग के अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखनी चाहिए।

राठौड़ ने कहा कि चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया निर्धारित है। कांग्रेस पांच से सात लोगों का प्रतिनिधिमंडल बनाकर समय लेकर



अधिकारियों से मिल सकती है, लेकिन 300-400 लोगों के साथ प्रदर्शन करना केवल राजनीतिक प्रदर्शन और समाचारों की सुर्खियों में बने रहने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रदर्शन से न तो निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ कोई कार्रवाई हो सकती है और न ही चुनाव प्रक्रिया पर इसका कोई प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस तरह के प्रदर्शनों से जनता में भ्रम पैदा करने और उसे भड़काने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कांग्रेस से लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं में विश्वास रखते हुए निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी बात रखने की अपील की।

राहुल गांधी के व्यवहार पर सवाल

मदन राठौड़ ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के व्यवहार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं से मर्यादित और गरिमापूर्ण आचरण की अपेक्षा होती है। राठौड़ ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी ने महिला पुलिसकर्मी की पीठ पर जिस तरह हाथ लगाया, वह उचित नहीं था।

उन्होंने कहा कि मीडिया को भी इस आचरण की निंदा करनी चाहिए। राठौड़ के अनुसार महिला पुलिसकर्मी के साथ इस तरह का व्यवहार संस्कार और मर्यादा के अभाव को दर्शाता है।

कांग्रेस की एकजुटता पर भी निशाना

कांग्रेस नेताओं के एकजुटता के दावों पर राठौड़ ने कहा कि हम सब एक हैं कहने की जरूरत उसी को पड़ती है, जिसके मन में संदेह होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता केवल फोटो फ्रेम के लिए एक साथ खड़े हो रहे हैं और पार्टी के भीतर के मतभेद नेताओं के बयानों और गतिविधियों से सामने आ रहे हैं। राठौड़ ने कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और सचिन पायलट से जुड़े घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए सवाल किया कि क्या कांग्रेस के नेता सचिन पायलट को बच्चा समझते हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के सम्मान और उनकी स्वतंत्रता का ध्यान रखा जाना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि देश में अस्थिरता पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं और इसके पीछे विदेशी साजिश हो सकती है। उन्होंने दावा किया कि कुछ नेता विदेशी ताकतों की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। उन्होंने जनता से देश की एकताए अखंडता और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने वाले प्रयासों से सावधान रहने की अपील की।

90 के दशक के गानों पर झूमे युवक-युवतिया



निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रवाल समाज भवन में मूवी म्यूजिक मस्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 90 के दशक के लोकप्रिय गानों को शामिल किया गया, जिसमें समाज के युवक-युवतियों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संयोजक अनूप अमरसरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों का गठन किया गया। टीमों के नाम दिलवाले, परवाने, मस्ताने आदि रखे गए तथा प्रत्येक टीम में 8 सदस्य शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को विभिन्न फिल्मों के गानों की धुन और बोल पहचानकर फिल्म एवं गाने का नाम बताना था। प्रतियोगिता में दिलवाले टीम ने सर्वाधिक गानों और फिल्मों के नाम पहचानकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि परवाने टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

व्यक्तिगत प्रतियोगिता में पूजा अग्रवाल ने सर्वाधिक गाने पहचानकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लीना थोईवाला ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मनीष ने किया। इस दौरान संयोजक एस गोकुलका एवं सीमा मऊ वाला ने प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। प्रतियोगिता के दौरान 90 के दशक के लोकप्रिय गानों पर युवक-युवतियां और महिलाएं जमकर झूमीं। समाज भवन में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। महिला मंडल और नवयुवक मंडल के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें समाज की महिलाएं एवं सदस्य मौजूद रहे।

महिला अधिकारिता सुपरवाइजर भर्ती मामला

ओएमआर शीट में फर्जीवाड़ा करने वाले गिरफ्तार



निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की सुपरवाइजर महिला अधिकारिता सीधी भर्ती परीक्षा-2018 के परिणाम में ओएमआर शीट की स्कैनिंग में कथित धांधली कर अंक बढ़ाने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमोद मीना निवासी चाकसू, जयपुर और मनराज मीना निवासी निवाई, टोंक के रूप में हुई है। दोनों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक विशाल बंसल के अनुसार जांच में सामने आया कि कर्मचारी चयन बोर्ड में ओएमआर शीट की स्कैनिंग और परिणाम तैयार करने का काम करने वाली कंपनी राभव लिमिटेड के कर्मचारियों और बोर्ड के अधिकारियों की कथित मिलीभगत से ओएमआर में कूटरचना की गई। एसओजी के मुताबिक कमोद मीना की मूल ओएमआर शीट की स्कैनिंग में 35.85 अंक आए थे। आरोप है कि स्कैनिंग कंपनी के कर्मचारियों से मिलीभगत कर अंकों में बदलाव करते हुए इन्हें 183.85 अंक कर दिया गया, जिसके बाद वह चयन सूची में शामिल हो गई। जांच के अनुसार कर्मचारी चयन बोर्ड के तत्कालीन प्रोग्रामर प्रवीण गंगवाल ने परिचित अभ्यर्थियों को चयनित कराने के लिए स्कैनिंग कंपनी के कर्मचारियों विनोद कुमार गौड़ और शादान खान के साथ मिलकर ओएमआर में कूटरचना की। इसके बदले लाखों रुपए लेने का भी आरोप है।

एसओजी इस मामले में पूर्व में तत्कालीन एनालिस्ट कम प्रोग्रामर उप निदेशक संजय माथुर, प्रोग्रामर प्रवीण गंगवाल, अभ्यर्थी पूनम माथुर, संतोष कुमारी मीना और मीराबाई मीना सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब कमोद मीना और मनराज मीना से रिमांड के दौरान फर्जीवाड़े में शामिल अन्य लोगों और इससे जुड़े तथ्यों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

महिलाओं को स्वास्थ्य व पोषण की दी जानकारी



निसं

तारानगर (नवयत्न)। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राजपुरा गांव के अटल सेवा केंद्र पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को बच्चों की उचित देखभाल, पोषण, बीमारियों से बचाव तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

सरपंच शिवरामसिंह सिहाग की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरोज नायक, विशिष्ट अतिथि संतलाल, मुस्तकीम, देवेंद्र, मोनिका थे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता ने किया। कार्यक्रम के दौरान गोद भराई, अन्नप्रासन आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में गांव की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया।

जेईई तैयारी को नया आयाम देगा आकाश इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए आकाश इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0 लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार यह प्रदर्शन आधारित अकादमिक व्यवस्था जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड और विभिन्न राज्यों की सीईटी सहित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्र शेखर रेड्डी गरिसा ने कहा कि इनविक्टस का प्रभाव कक्षा शिक्षण से लेकर अध्ययन सामग्री, पुस्तकों, परीक्षा और विद्यार्थियों को मिलने वाली मार्गदर्शन व्यवस्था तक दिखाई देगा। यह कार्यक्रम छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। इनविक्टस में परिणाम केंद्रित अकादमिक दृष्टिकोण के तहत कक्षाओं, अभ्यास सत्र और दोहराव की प्रक्रिया को जेईई एडवांस्ड, जेईई



मेन, बिटसैट और विभिन्न राज्यों की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में बेहतर रैंक के लक्ष्य के अनुरूप तैयार किया गया है। कार्यक्रम में अनुभवी और रैंक दिलाने वाली फैकल्टी टीम को प्रमुख आधार बनाया गया है। कंपनी के अनुसार इसी अकादमिक टीम ने पाठ्यक्रम, अध्ययन सामग्री और परीक्षा व्यवस्था को नए सिरे से तैयार किया है। शोध आधारित अध्ययन सामग्री में सीखने के वैज्ञानिक तरीकों और परीक्षा पैटर्न पर किए गए शोध को शामिल किया गया है। सामग्री विद्यार्थियों को बुनियादी अवधारणाओं से लेकर कठिन प्रश्नों तक चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। परीक्षा व्यवस्था में परीक्षा की आवृत्ति, गहराई और स्तर को नए सिरे से तैयार किया गया है। प्रत्येक परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को अपनी मजबूतियों, कमजोरियों और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों का विश्लेषण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए प्रगति का स्पष्ट मानचित्र उपलब्ध होगा, जिससे वे विद्यार्थी की वर्तमान स्थिति और लक्ष्य की दिशा में उसकी प्रगति को समझ सकेंगे। कक्षा के बाहर मार्गदर्शन व्यवस्था में जोसा काउंसलिंग, शंका समाधान और लगातार मेंटरशिप शामिल है। राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च के साथ कंपनी ने चार विशेष बैच-ऐस, अचीवर, एक्सेलेरेटर और एपेक्स भी पेश किए हैं। कंपनी के अनुसार प्रत्येक बैच विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और उनकी आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को बिना अतिरिक्त दबाव के अपनी क्षमता के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। लॉन्च के अवसर पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्र शेखर रेड्डी गरिसा ने कहा कि आकाश इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0 को अनुभवी शिक्षकों की टीम ने तैयार किया है। उनके अनुसार पाठ्यक्रम, पुस्तकों और परीक्षा व्यवस्था को नए सिरे से तैयार किया गया है। कार्यक्रम को पहले कुछ चुनिंदा केंद्रों पर लागू किया गया था और कंपनी के अनुसार जेईई 2026 में इसके परिणाम उत्साहजनक रहे। उन्होंने कहा कि अब इनविक्टस को देशभर की आकाश शाखाओं के विद्यार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। कंपनी का लक्ष्य विद्यार्थियों को जेईई एडवांस्ड, जेईई मेन, बिटसैट और राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग परीक्षाओं में बेहतर रैंक हासिल करने में मदद करना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जेईई 2027 और 2028 में आकाश के परिणाम और बेहतर होंगे।

वन्यजीव सप्ताह-2026 का समापन समारोह में विजेताओं को मिले पुरस्कार



निसं

जयपुर (नवयत्न)। वन विभाग की ओर से आवासों को जोड़ना, वन्यजीवों को समृद्ध बनाना थीम पर आयोजित वन्यजीव सप्ताह-2026 का गुरुवार को अरण्य भवन में समापन हुआ। समारोह में सप्ताहभर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। समारोह में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख अरिजीत बनर्जी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक पवन कुमार उपाध्याय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक शिखा मेहरा तथा अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक केसी, अरुण प्रसाद सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख अरिजीत बनर्जी ने बताया कि सप्ताहभर प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व को लेकर विभिन्न कार्यक्रम हुए। इनमें विद्यार्थियों, युवाओं, शिक्षकों, वन्यजीव प्रेमियों और आमजन ने उत्साह से भाग लिया। चित्रकला, पोस्टर निर्माण, दीवार चित्रण, रंगोली, मुख चित्रण, फोटोग्राफी, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने वन्यजीव एवं प्राकृतिक आवास संरक्षण का संदेश रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष की थीम के माध्यम से वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को आपस में जोड़ने, सुरक्षित आवागमन के लिए वन्यजीव गलियारों और पारिस्थितिक संपर्क को बनाए रखने तथा मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। बताया गया कि वन्यजीव संरक्षण के लिए संरक्षित क्षेत्रों के साथ आसपास के प्राकृतिक आवासों और वन्यजीवों के आवागमन मार्गों का संरक्षण भी जरूरी है। समारोह में आयोजन में सहयोग करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, वन्यजीव प्रेमियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार जताया गया। सप्ताहभर चले कार्यक्रमों के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने और समाज के विभिन्न वर्गों को प्रकृति से जोड़ने का संदेश दिया गया।

निजी नर्सिंग होम में सरकारी चिकित्सकों द्वारा सेवाएं देने के गंभीर आरोप...

अस्पताल में लपकों को सरकारी चिकित्सकों के संरक्षण का आरोप, दोषी चिकित्सकों पर कार्यवाही की उठी मांग

अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। राजकीय बगड़िया अस्पताल में लपकों की समस्या को लेकर पीएमओ डॉ पुरूषोतम करवा को ज्ञापन सौंपा गया है। इसी प्रकार निजी नर्सिंग होम में सरकारी चिकित्सकों द्वारा अवैध सेवाएं दिये जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए इसे रोके जाने की मांग की गई है। डॉ करणीदान चारण, बसंत कुमार बोरड़, शंकर स्वामी की ओर से पीएमओ को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि आमजन व गरीब लोगों को सरकारी चिकित्सा सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध करवाने का महत्वपूर्ण दायित्व सरकार और प्रशासन का है लेकिन बगड़िया अस्पताल के सामने स्थित एक कॉम्पलेक्स में निजी नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा है, जिसमें सरकारी अस्पताल के चिकित्सक बैठकर मरीज देखते हैं, जो कि सरकारी नियमों के खिलाफ है और आम जनता के साथ अन्याय है। ज्ञापन में बताया गया है कि सरकारी अस्पताल के अनेक डॉक्टर निजी नर्सिंग होम और मेडिकल स्टोर पर नियमित रूप से मरीज भेजकर आम मरीजों के साथ खिलवाड कर रहे हैं और गरीबो की जेब पर डाका पड़ रहा है। वहीं यह सरकारी चिकित्सकों के सेवा आचरण के भी खिलाफहै। अत: जल्द से जल्द मामले की जांच करवाई जावे और इस निजी नर्सिंग होम में अवैध



सेवाएं देने वाले चिकित्सकों पर कार्यवाही की जावे। इसी प्रकार सरकारी चिकित्सकों के चैम्बर के बाहर निजी पैथोलॉजी लैब, डायग्नोस्टिक सेंटर के अनाधिकृत व्यक्ति खड़े रहते हैं जो कि मरीजों को निजी जांच लैब, मेडिकल स्टोर तक ले जाते हैं और ऐसे व्यक्तियों को सीसीटीवी फुटेज देखकर चिन्हित किया जावे तथा माइक पर ऐसे लपकों के नाम बोलकर इनको नामजद कर कानूनी कार्यवाही की जावे, ताकि मरीजों की जेब पर डाका नहीं पड़े और नि:शुल्क चिकित्सा का सरकार का मिशन पूरा हो सके। इसी प्रकार लपकों को संरक्षण देने वाले चिकित्सकों पर भी विभागीय कार्यवाही किए जाने की मांग भी ज्ञापन में की गई है।

भाजपा में पंचायत चुनाव को लेकर पंचायत समितियों के प्रभारी नियुक्त

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। भाजपा में पंचायत चुनाव को लेकर पंचायत समितियों के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। यह नियुक्ति प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने की है। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि नीमकाथाना पंचायत समिति में प्रभारी कैलाश कुमावत को नियुक्त किया है। इसी प्रकार पाटन में प्रभारी जगदीश सैनी गुड्डू, श्रीमाधोपुर में बाबुलाल दांतोनिया, अजीतगढ़ में नीरज अग्रवाल, पिपराली में गजेंद्र सिंह शेखावत, फतेहपुर में ओमेंद्र चारण, धोद में महेंद्र सिंह राव, धोद ग्रामीण में एड. सतीश शर्मा, खंडेला में सत्येंद्र सिंह सतनाली, दांतारामगढ़ में संजय जायसवाल, पलसाना में पीयूष किराड़, खाचरियावास में निर्मल राजपुरोहित, नेछवा में शशि प्रकाश शर्मा व बलारा पंचायम समिति में प्रभारी चेतन कुमावत को नियुक्त किया गया है।

छात्र तरुण मेघवाल आत्महत्या प्रकरण की जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



निसं

तारानगर (नवयत्न)। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा तारानगर ने तारानगर के एक निजी विद्यालय के छात्र तरुण मेघवाल आत्महत्या प्रकरण की जांच की मांग को लेकर जिला कलक्टर के नाम तारानगर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उपशाखा ने छात्र तरुण मेघवाल आत्महत्या प्रकरण की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाने व दोषी शिक्षक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने पीड़ित परिवार को उचित न्याय दिलवाने की मांग की। इस मौके पर उपशाखा अध्यक्ष भगवाना राम घोटड़, जेठाराम पटीर, सुरेश जोईया, काशीराम मेघवाल, भूप सिंह छप्परवाल, राजेश कलिया, प्रताप कलिया, विनोद महरा, ग्यारसीलाल गोठवाल, हरपाल सिंह, धर्मेंद्र रोलन, सुनील खींची, मुकेश छापरवाल, मुंशी लाल मेहरा, ताराचंद, धर्मपाल, गिरधारी राम बामणिया आदि शिक्षक सदस्य उपस्थित थे।

पार्षद ने आयुक्त पर लगाया अमर्यादित व्यवहार का आरोप, आयुक्त ने किया इंकार...

जमादार हल्के में 7 कर्मचारियों की कमी होने के आरोप

अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। वार्ड नं. 47 के पार्षद महेश कुमार द्वारा कथित विडियो बनवाने की बात को लेकर नगरपरिषद के आयुक्त के साथ हुए विवाद के बाद पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल नगरपरिषद आयुक्त से मिला। इसके दौरान आयुक्त महेंद्र सिंह चारण और पार्षदों के बीच काफी गहमा गहमी हुई। दरअसल ठरड़ा रोड की समस्या को लेकर पार्षद महेश कुमार सांसी आयुक्त से मिले थे, इस दौरान एक व्यक्ति विडियो बना रहा था, जिसे आयुक्त ने टोका और अपनी सीटकर से उठकर चले गए। वहीं पार्षद ने कहा कि हमें जनता ने भेजा है, तो हमें उनको जवाब देना पड़ता है, इसलिए विडियो बना रहे हैं। इस वाकये के बाद पार्षद महेश कुमार ने आरोप लगाया कि आयुक्त ने मुझे कहा कि आप रोज-रोज क्यों आ जाते हो। इसके बाद अनेक पार्षद नगरपरिषद कार्यालय पर इकट्ठा हुए और आयुक्त के चैंबर में पहुंचे और आयुक्त के व्यवहार पर आपत्ति जताई। पार्षद नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि आपको पार्षदों की सुनवाई करते हुए काम करना पड़ेगा। वहीं नरेंद्र प्रजापत ने कहा कि तीन महीने से लाइट ठीक नहीं हो रही है। भाजपा नेता विजय चौहान ने कहा कि आप पार्षदों को आराम से सुन क्यों नहीं सकते, आपको क्या दिक्कत है। पार्षद बलराम सोनी व पुरूषोतम शर्मा ने कहा कि हमारे जमादार हल्के में 7 कर्मचारी कम हैं, जिसके बाद में एसआई को बार-बार कहा गया है, लेकिन वो इन 7 कर्मचारियों को वापस हमारे हल्के में नहीं लगा रहे और न ही कोई संतोषजनक जवाब दे रहे हैं। इस पर आयुक्त ने कहा कि अभी एसआई को बुलाकर मामले की जांच करवा लेंगे। वहीं पार्षद पवन माहेश्वरी ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जिस पर आयुक्त ने कहा कि मैंने 4 ट्रेक्टर बढ़ाने के ऑर्डर कर दिए है। जिस पर पार्षद नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि धरातल पर ऐसा कुछ नहीं है, एक भी ट्रेक्टर नहीं बढ़ा। दूसरी ओर पार्षद



महेश कुमार के साथ कथित अनादरित व्यवहार करने के मामले में पार्षदों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा व्यवहार सहन करने योग्य नहीं है। जिस पर आयुक्त ने कहा कि मैंने विडियो बनाने पर आपत्ति की थी, पार्षद के साथ सम्मानजनक बात की थी, कोई अनादर नहीं किया। वहीं आयुक्त के साथ वार्ता के दौरान अरविंद विश्वेंद्रा, नरेंद्र गुर्जर, महेश कुमार सांसी, विजय चौहान, नरेंद्र प्रजापत, कन्हैयालाल जाखड़, बलराम सोनी, पुरुषोत्तम शर्मा, बंकट भार्गव, रेवंतमल पंवार, विजय कटारिया आदि मौजूद रहे। आयुक्त से संतुष्ट नहीं होने पर सभी पार्षद बंद कमरे में सभापति मदनलाल गुलेरिया से भी मिले और वार्ता की।

रामलीला के लिए भूमि पूजन के साथ लगाई धर्म ध्वजा



निसं

झुंझुनूं (नवयत्न)। गांधी चौक स्थित रामलीला मंच पर 11 अक्टूबर से शुरू होने वाली रामलीला की तैयारियां शुरू हो गई हैं। गुरुवार को भूमि पूजन के साथ धर्म ध्वजा लगाई गई। श्री रामलीला परिषद के सचिव दिनेश शर्मा ने मंत्रोच्चार के बीच श्री गणेश पूजन और बल्ली पूजन करवाया। इसके बाद मंच निर्माण का कार्य शुरू किया गया। पूजन कार्यक्रम में परिषद के संयोजक संजय सैनी, डॉ. कमल मल्होत्रा, बाबूलाल टेलर, जुगल किशोर सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि इस बार परिषद की 70वीं रामलीला आयोजित होगी। रामलीला को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परिषद अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया के निर्देश पर मंच सज्जा और टेंट लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

रामलीला मंचन एवं दुर्गा पूजा के लिए हुआ भूमि एवं ध्वज पूजन



निसं

झुंझुनूं (नवयत्न)। भारतीय कला मंदिर संस्थान की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चूणा चौक पार्क में 11 अक्टूबर से दुर्गा पूजा एवं आदर्श रामलीला का मंचन किया जाएगा। इस बार 47 वी बार रामलीला का मंचन तथा 24 वी दुर्गा पूजा का आयोजन होगा। रामलीला मंचन के लिए गुरुवार को रामलीला मैदान में भूमि एवं ध्वज पूजन का आयोजन किया गया। आचार्य मुकेश महमिया एवं पंकज महमिया ने विधिवत पूजन करवाया, जिसमें संस्थान के अध्यक्ष विनोद सिंघानिया एवं उपाध्यक्ष मनीष खंडेलिया, संदीप वालिया, अमित पांडे सुरेश शर्मा, शशिकांत पुजारी, मोहन व्यास, पवन सैनी, कमल गुप्ता, अनिल चोटिया, राजदीप, राकेश शर्मा, पंकज शिवानीवाल, अविनाश पुरोहित, प्रवीण शर्मा, सचिन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कलाकार उपस्थित रहे।

पंचायती राज चुनाव 2026 : जिला परिषद सदस्यों के नामांकन के लिए निर्वाचन क्षेत्रवार रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

सुरेंद्र शर्मा

झुंझुनूं (नवयत्न)। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने हेतु निर्वाचन क्षेत्रवार रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र संख्या 01 से 21 तक के लिए रिटर्निंग अधिकारी के रूप में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया है। इन निर्वाचन क्षेत्रों के नाम निर्देशन-पत्र कमरा नंबर 111, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं में प्राप्त किए जाएंगे। इसी प्रकार निर्वाचन क्षेत्र संख्या 22 से 41 तक के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन निर्वाचन क्षेत्रों के नाम निर्देशन-पत्र कमरा नंबर 109, कलेक्ट्रेटए झुंझुनूं में प्राप्त किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नाम निर्देशन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपादित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोगी स्टाफ की भी नियुक्ति की है।

नाना पाटेकर के निधन पर शिवसेना ने जताया शोक

निसं

जयपुर (नवयत्न)। शिवसेना के राजस्थान राज्य प्रमुख पदम जैन ने पद्मश्री अभिनेता एवं समाजसेवी नाना पाटेकर के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। नाना पाटेकर का गुरुवार को 75 वर्ष की उम्र में गोवा में हृदयाघात के बाद निधन हो गया। जैन ने कहा कि नाना पाटेकर ने अभिनय के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई और पद्मश्री सहित कई सम्मान हासिल किए। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, सहायक अभिनेता और खलनायक की श्रेणियों में फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते। जैन ने कहा कि नाना पाटेकर की पहचान केवल दमदार अभिनय तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने किसानों और ग्रामीणों के लिए भी उल्लेखनीय काम किया। उन्होंने बताया कि नाना पाटेकर ने 2015 में नाम फाउंडेशन की शुरुआत की थी। इसके माध्यम से किसान आत्महत्या से प्रभावित परिवारों की मदद, गांवों में जल संरक्षण, खेती को सहारा देने और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया गया। जैन ने कहा कि नाना पाटेकर की सादगी और गांव, खेत तथा मिट्टी से जुड़ाव उनके व्यक्तित्व की खास पहचान रही। शिवसेना राजस्थान इकाई की ओर से जैन ने नाना पाटेकर के निधन को कला और समाजसेवा के क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक व्यक्त किया।

70 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज से

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। राजलदेसर कस्बे में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर की ओर से 17वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता छात्र वर्ग 17 से 19 वर्ष तक की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ आज राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय राजलदेसर में शुभारंभ होगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू खेड़ीवाल ने बताया प्रात: साढ़े 7 बजे युवा उद्योगपति आनंद तोदी के द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा जिसमें चूरू जिले की करीबन 350 से अधिक छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग लेगी।

आयोजन को लेकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने भी व्यवस्थाओं को लेकर जायजा लिया एवं सभी विद्यालय संचालकों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू खेड़ीवाल ने बताया तीन दिवसीय 70वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अलग-अलग खेल आयोजित किए जाएंगे एवं 12 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे प्रतियोगिता का समापन होगा।

2500 दिन की सेवा में 5 हजार 58 मामलों का निस्तारण, उपभोक्ता न्याय के लिए बनाया रिकॉर्ड

सदस्य रहते हुए उसी आयोग में अध्यक्ष बनने वाले देश के पहले व्यक्ति होने का दावा; जागरूक उपभोक्ताओं ने रंगोली बनाकर जताया आभार

अशोक राईका



झुंझुनूं (नवयत्न)। उपभोक्ता अधिकारों की लड़ाई और त्वरित न्याय के लिए काम कर रहे जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने गुरुवार को 2500 दिन की न्यायिक सेवा पूरी की। इस अवधि में सदस्य और अध्यक्ष के रूप में उन्होंने आयोग में 5 हजार 58 मामलों का निस्तारण किया। उनकी 2500 दिन की सेवा पूरी होने पर आयोग परिसर में जागरूक उपभोक्ताओं और युवाओं ने रंगोली बनाकर उनका आभार जताया। मील ने 4 दिसंबर 2019 को जिला उपभोक्ता आयोग झुंझुनूं में सदस्य के रूप में कार्यभार संभाला था। करीब साढ़े तीन वर्ष तक सदस्य रहने के बाद राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली चयन समिति की अनुशंसा पर राजस्थान सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से जारी नियुक्ति आदेश के तहत 14 मार्च 2023 को उन्होंने इसी आयोग के अध्यक्ष का पद संभाला।

3.50 लाख लोगों को दिलाई उपभोक्ता अधिकारों की शपथ

उपभोक्ता संरक्षण को सिर्फ अदालत तक सीमित रखने के बजाय आम लोगों तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए गए। उपभोक्ता न्यायोत्सव के तहत करीब 3.50 लाख लोगों को उपभोक्ता अधिकारों और संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई गई। लोगों को हर खरीदारी पर बिल लेने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समस्या होने पर कानूनी संरक्षण लेने के लिए जागरूक किया गया।

5058 मामलों का निस्तारण

मील के कार्यकाल में आयोग में 5058 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लगातार न्यायिक कार्य के साथ किए गए नवाचार और जागरूकता अभियानों के चलते झुंझुनूं उपभोक्ता आयोग की कार्यप्रणाली को राज्य स्तर पर भी पहचान मिली। 2500 दिन की सेवा और 5058 मामलों का निस्तारण उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उनकी निरंतर सक्रियता को दर्शाता है।

इनका कहना है

''न्याय की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि वह उस व्यक्ति तक पहुंचे, जो अपनी आवाज को कमजोर समझता है। इसी विचार को केंद्र में रखकर मैंने काम किया। जागरूक उपभोक्ताओं के सहयोग से 2500 दिनों का यह महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा हुआ।'' — मनोज कुमार मील, अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनूं

सदस्य से अध्यक्ष बनने का भी रिकॉर्ड

मनोज कुमार मील की सेवा की खास बात यह है कि सदस्य के रूप में काम करने के बाद उन्हें उसी उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसे देश में अपनी तरह का पहला और एकमात्र मामला बताया गया है। अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने न्यायिक कार्य के साथ उपभोक्ता जागरूकता को भी प्राथमिकता दी। मील के कार्यकाल में न्याय टेबल, रात्रि उपभोक्ता चौपाल, उपभोक्ता न्यायोत्सव और अवकाश के दिन सुनवाई जैसे नवाचार किए गए। इनके जरिए उपभोक्ताओं को आयोग की कार्यप्रणाली से जोड़ने और उनकी समस्याओं के समाधान को आसान बनाने का प्रयास किया गया। उनके कार्यकाल में प्रथम राष्ट्रीय उपभोक्ता संसद का आयोजन भी किया गया।

कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, पुतला फूंका, पुतले की फेरी निकाली और 'राम नाम सत्य है' के नारे लगाए

संजय सोनी



झुंझुनूं (नवयत्न)। एसआईआर को लेकर दिल्ली में राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ कथित बदसलूकी के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झुंझुनूं और गिडानिया कि संयुक्त तत्वाधान में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के सामने एकत्र हुए और केंद्र सरकार व निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' और 'लोकतंत्र पर हमला बंद करो' के नारे लगाए। कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग से जवाब देने की मांग की। प्रदर्शन में नगर परिषद सभापति अब्दुल्ला अगवान, उपसभापति वीरेंद्र दारा, पार्षद उमर कुरैशी, मनफूल बिजारणियां, प्रदीप सैनी, अजमत अली, जुल्फिकार, तैयब अली, पूर्व उपसभापति राकेश झाझड़िया, फ्यूम कुरैशी, ओबीसी सेल जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सैनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभापति बोले- लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय

नगर परिषद सभापति अब्दुल्ला अगवान ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के सांसद दिल्ली के जंतर-मंतर पर एसआईआर के मुद्दे को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान नेताओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इसी के विरोध में कांग्रेस ने काला दिवस मनाया। झुंझुनूं में भी कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। अगवान ने कहा कि विपक्षी नेताओं के साथ इस तरह का व्यवहार संविधान और लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक उठाती रहेगी।

पुतले की फेरी निकालकर लगाए नारे

कार्यकर्ताओं ने पुतले को बीच में रखकर उसकी फेरी निकाली। इस दौरान 'राम नाम सत्य है... सत्य बोलो गत है, हरि कहो जी हरि कहो' के नारे लगाए गए। पुतले का दाह संस्कार करने के बाद कार्यकर्ताओं ने उस पर लाठियां भी मारीं।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का दिया संदेश, नशामुक्ति की दिलाई शपथ

होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में कार्यक्रम, मानसिक समस्याओं को समय पर पहचानने और मदद लेने पर जोर



हर्ष सोनी

झुंझुनूं (नवयत्न)। कमांडेंट होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें होमगार्ड और पुलिसकर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान' के तहत कार्मिकों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की शपथ भी दिलाई गई। डॉ. कपूर थलौर और मनोचिकित्सक डॉ. तुलसी शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य भी व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मानसिक समस्याओं के लक्षणों को समय रहते पहचानना, जरूरत के अनुसार परामर्श लेना और आवश्यकता होने पर विशेषज्ञ से उपचार कराना जरूरी है। वक्ताओं ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर समाज में अभी भी कई भ्रांतियां हैं। इन्हें दूर करने की जरूरत है, ताकि समस्या से जूझ रहा व्यक्ति बिना झिझक परिवार या विशेषज्ञ से मदद ले सके। कार्यक्रम के आयोजन और समन्वय में हेड कांस्टेबल मितेश शर्मा ने सहयोग किया।

विमंदित गृह में युवती से दुष्कर्म के आरोप, एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर संस्थान की जांच और आवासियों की सुरक्षा की मांग



अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। मां सेवा संस्थान विमंदित गृह में युवती से दुष्कर्म, मारपीट और अमानवीय व्यवहार के आरोपों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। साथ ही संस्थान में रह रहे सभी आवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। बगड़ थाना क्षेत्र के आदर्श नगर, प्रतापपुरा स्थित इस गृह को लेकर एबीवीपी ने कई सवाल उठाए हैं। ज्ञापन में बताया कि गृह में इलाज और देखभाल के लिए रह रही 30 वर्षीय युवती की मां की शिकायत पर संचालक बनवारीलाल सैनी और उसकी पत्नी के खिलाफ बगड़ थाने में मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में युवती से दुष्कर्म, मारपीट, बाल काटने, पर्याप्त खाना-पानी नहीं देने और कथित तौर पर काम करवाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गृह में मानसिक रूप से बीमार और विशेष देखभाल की जरूरत वाले लोग रहते हैं। ऐसे में सामने आए आरोपों की जांच के साथ संस्थान की पूरी व्यवस्था की भी जांच होनी चाहिए।

ज्ञापन में ये प्रमुख मांगें

- संस्थान की मान्यता और लाइसेंस की तत्काल जांच कराई जाए।
- संस्थान को किस नियम के तहत मान्यता मिली और उसकी वैधता व शर्तों की जांच हो।
- पहले हुए सरकारी निरीक्षणों की रिपोर्ट और रिकॉर्ड की जांच की जाए।
- आगंतुक रजिस्टर, स्टाफ की उपस्थिति, सुरक्षा रजिस्टर और उपलब्ध डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाएं।
- संस्थान की स्वीकृत क्षमता और वहां रह रहे वास्तविक आवासियों की संख्या का मिलान कराया जाए।
- कर्मचारियों की संख्या, प्रशिक्षण और निर्धारित मानकों के अनुसार स्टाफ की उपलब्धता की जांच हो।
- संस्थान में रह रहे सभी आवासियों की पहचान और उपस्थिति का सत्यापन कराया जाए।
- पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

एबीवीपी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में संगठन चुप नहीं बैठेगा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में कुलदीपसिंह जागावत, नीशा, ललीत सैनी, सुजित डारा, रोहित गुर्जर सहीत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शेखावाटी साहित्य संगम में मातृशक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

झुंझुनूं में दो सत्रों में हुई चर्चा, युवाओं को सेना और राष्ट्र सुरक्षा में योगदान का दिया संदेश

सुरेंद्र शर्मा

झुंझुनूं (नवयत्न)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को न्यू राजस्थान बालिका महाविद्यालय में 'शेखावाटी साहित्य संगम-2026' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, शेखावाटी की मातृशक्ति के योगदान और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की आराधना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन मानसिंह, गेंदलाल, डॉ. शुचि चौहान, डॉ. रोहित जैन, गुलजारीलाल कालेर, लोकेश और दुर्गावती ने किया। पहले सत्र में 'महिला सशक्तिकरण - बदलाव की एक नई दिशा' विषय पर चर्चा हुई। सत्र का संचालन सरोज ने किया। शिक्षाविद् एवं सामाजिक विचारक डॉ. रोहित कुमार जैन और शिक्षाविद् एवं लेखिका डॉ. शुचि चौहान ने महिला उत्थान और शेखावाटी में महिलाओं की भूमिका पर विचार रखे। वक्ताओं ने क्षेत्र की मातृशक्ति के गौरवशाली इतिहास के साथ वर्तमान समय में महिलाओं के योगदान पर भी चर्चा की। संचालन प्रमेंद्र कुल्हार ने किया। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह, दीपक टेलर, राजपाल फोगाट, राजेश हलवान, जयपाल मीणा, जयप्रकाश, धर्मपाल सिंह, विजय कालेर, सुनील भारद्वाज, बलवीर सैनी, कुलदीप जगावत, बरखा, कपिल कुल्हरि, मनजीत, विजय एचरा और रविन्द्र शर्मा सहित आयोजन समिति से जुड़े लोग मौजूद रहे। समापन पर जयपाल मीणा ने अतिथियों, वक्ताओं, आयोजन समिति के सदस्यों और श्रोताओं का आभार जताया।

युवाओं की भूमिका और राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

दूसरे सत्र में 'रक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और युवाओं की जिम्मेदारी' विषय पर चर्चा हुई। इसका संचालन श्रीराम ने किया। बीएसएफ के सेवानिवृत्त आईजी मदन सिंह राठौड़ और सेवानिवृत्त सेना अधिकारी कर्नल देव आनंद लोहामरोड़ ने युवाओं से संवाद किया। वक्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर, अनुच्छेद 370 हटने के बाद के हालात, भारतीय सेना में शेखावाटी के जवानों की भूमिका और सेना में युवतियों की बढ़ती भागीदारी जैसे विषयों पर विचार रखे। युवाओं से राष्ट्र निर्माण और सुरक्षा के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।



9 से 11 अक्टूबर तक सीकर में होगा आयोजन

आयोजन टोली के सदस्य राहुल सिंह कबीरसर ने बताया कि झुंझुनूं के बाद साहित्य संगम का आयोजन 9 से 11 अक्टूबर तक सीकर में होगा। 9 अक्टूबर को राजस्थान के राज्यपाल कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीकर में तीन दिन तक जनसांख्यिकी परिवर्तन, हल्दीघाटी का इतिहास, सिनेमा, गुरु तेग बहादुर, संत रविदास और ऐतिहासिक योद्धाओं के जीवन व योगदान जैसे विषयों पर सत्र होंगे। कवि सम्मेलन, नाटक मंचन और विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी। युवाओं के लिए 'अरावली मोशन' के तत्वावधान में फिल्म मेकिंग कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

मानक एवं गुणवत्ता जागरूकता पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित


निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर के मानक क्लब द्वारा मानक एवं गुणवत्ता जागरूकता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को आईएसआई मार्क, बीआईएस हॉलमार्क, एगमार्क, बीआईएस केयर ऐप, गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं की खरीदारी में बरती जाने वाली सावधानियों तथा उपभोक्ता अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। मानक क्लब मेंटर धनाराम जाट के निर्देशन में विद्यार्थियों ने अमानक वस्तुओं से बचाव, गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के उपयोग एवं उपभोक्ता जागरूकता का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं रचनात्मक पोस्टर बनाकर गुणवत्ता एवं मानकीकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 11 के प्रेम कुमार ने प्रथम, कृष्ण कुमार ने द्वितीय तथा चंचल सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अल्पाहार भी कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



सम्पादकीय

मोदी शासन के 25 वर्ष



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रशासनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने का संकल्प व्यक्त करते हुए यह जो कहा कि वे विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे, वह एक कठिन लक्ष्य अवश्य है, लेकिन असंभव नहीं।

इसका कारण यह है कि उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर इस राज्य की तस्वीर बदलने में ऐसी सफलता प्राप्त की कि उनके गुजरात माडल ने देश का ध्यान अपनी ओर खींचा और इसी कारण वे प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने मनमोहन सरकार की नीतिगत पंगुता से उपजे निराशाजक माहौल को दूर किया और शासन के तौर-तरीके में बुनियादी बदलाव लाए। अपने 12 साल के कार्यकाल में उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है कि उसकी कोई भी अनदेखी नहीं कर सकता।

उन्होंने अर्थव्यवस्था से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक एक साथ कई मोर्चों पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की और देश को प्रगति पथ पर तेजी के साथ अग्रसर किया। उनकी जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं के चलते आज देश की भी तस्वीर बदल चुकी है। यह संभव हुआ उनकी प्रबल राजनीतिक इच्छाशक्ति और साहसिक फैसले लेने की क्षमता के कारण।

उनकी कार्यशैली ने देश के साथ दुनिया का भी ध्यान अपनी ओर खींचा तो इसीलिए कि उन्होंने अपनी योजनाओं को प्रभावी तरीके से अमल में लाकर किसी न किसी रूप में हर भारतीय के जीवन को प्रभावित किया। इसी के साथ उन्होंने अपनी विदेश नीति के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत का मान भी बढ़ाया। इसी कारण वे पिछले एक दशक से अधिक समय से विश्व के लोकप्रिय शासकों में शीर्ष पर अपना स्थान बनाए हुए हैं।

इतने लंबे समय तक किसी शासक का देश-विदेश में लोकप्रिय बने रहना अपने आप में एक उपलब्धि है। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से लिए गए ऐसे फैसलों की एक लंबी सूची है, जिन्होंने उन्हें एक सक्षम शासक के रूप में स्थापित करने के साथ ही यह भी सिद्ध किया कि वे कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना करना और उनसे पार पाना जानते हैं।

उनके शासन की एक विशेषता यह भी रही कि उन्होंने देश के स्वाभिमान और संस्कृति को भी शिखर पर ले जाने का काम किया, लेकिन अब जब वे विकसित भारत के सपने को साकार करने की प्रतिबद्धता जता रहे हैं, तब यह भी ध्यान रखना होगा कि इस लक्ष्य के सामने कुछ बाधाएं हैं।

विशेष आलेख

Elon Musk ने घेरा तो मोदी सरकार ने दिया करारा जवाब! समझिये Starlink का भारत में प्रवेश क्यों अटका हुआ है?



भारत में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा स्टारलिंक की शुरुआत को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। एलन मस्क ने भारत में अपनी कंपनी की राह में कुछ प्रभावशाली उद्योगपतियों के रोड़े अटकाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ये कारोबारी भारतीय जनता पर अपना एकाधिकार और नियंत्रण बनाए रखने के लिए स्टारलिंक को भारत में प्रवेश नहीं करने दे रहे हैं। मस्क ने यहां तक कह दिया कि यह भारत की जनता के खिलाफ अपराध है। लेकिन मस्क के इस बयान के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भारत जैसे संप्रभु देश की सुरक्षा और दूरसंचार नीति अब किसी अरबपति के सोशल मीडिया बयान से तय होगी?

उधर, भारत सरकार ने मस्क के आरोप को सीधे खारिज कर दिया है। सरकार का कहना है कि भारत में उपग्रह आधारित संचार सेवाओं के लिए बनाए गए नियम निष्पक्ष और किसी भी कंपनी के साथ भेदभाव से मुक्त हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन नियमों को किसी कंपनी के खिलाफ भेदभावपूर्ण बताना पूरी तरह बेबुनियाद और गलत समझ पर आधारित है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत सरकार ने साफ किया है कि स्टारलिंक अकेली कंपनी नहीं है जो मंजूरी की प्रक्रिया में है। सुनील भारती मित्तल समर्थित वनवेब, मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो और एलन मस्क की स्टारलिंक, तीनों कंपनियों के मामले में सुरक्षा संबंधी जांच चल रही है। सरकार के मुताबिक तीनों कंपनियां फिलहाल लगभग एक ही नियामकीय चरण में हैं। तो फिर मस्क से पहला सवाल यही पूछा जाना चाहिए कि अगर भारत सरकार तीनों कंपनियों की सुरक्षा जांच कर रही है, तो केवल स्टारलिंक को रोकने का आरोप भारत पर क्यों लगाया जा रहा है?

इस विवाद का दूसरा और बेहद अहम पहलू इसके समय से जुड़ा है। एलन मस्क का बयान ऐसे समय आया जब भारत दुनिया के सामने अपनी संचार और डिजिटल जगत की तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए तैयार था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के दसवें संस्करण का उद्घाटन किया। दुनिया के सौ से अधिक देशों की भागीदारी वाले इस आयोजन में भारत की 5जी तकनीक, डिजिटल संपर्क व्यवस्था, दूरसंचार क्षेत्र की उपलब्धियों और भविष्य की संचार तकनीक को दुनिया के सामने रखा जा रहा है। जब पूरी दुनिया भारत की संचार क्रांति और तकनीकी प्रगति को देखने के लिए जुटी थी, उसी समय स्टारलिंक को लेकर मस्क का तीखा बयान सामने आया। इसलिए सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह महज एक कारोबारी असहमति थी या फिर इस बयान के समय ने भारत की तकनीकी उपलब्धियों से दुनिया का ध्यान हटाकर स्टारलिंक विवाद की तरफ मोड़ दिया? यह सवाल उठेगा ही कि भारत के सबसे बड़े दूरसंचार आयोजनों में से एक के दौरान ही इस तरह का सार्वजनिक आरोप लगाने की जरूरत आखिर एलन मस्क को क्यों पड़ी?

अब बात उस मुद्दे की, जिस पर भारत सरकार कोई समझौता नहीं करना चाहती है। वह मुद्दा है राष्ट्रीय सुरक्षा। भारत ने स्टारलिंक को देश में आने से पूरी तरह मना नहीं किया है। कंपनी को भारत में उपग्रह आधारित संचार सेवाएं देने का आवश्यक लाइसेंस मिल चुका है। लेकिन लाइसेंस मिलना सेवा शुरू करने की अंतिम अनुमति नहीं है। इसके बाद सुरक्षा मंजूरी, रेडियो तरंगों के आवंटन और अन्य आवश्यक नियमों का पालन करना पड़ता है। यहीं पर मस्क के आरोप की असली परीक्षा होती है।

देखा जाए तो उपग्रह आधारित इंटरनेट सामान्य इंटरनेट सेवा से अलग है। यहां केवल तेज इंटरनेट पहुंचाने का सवाल नहीं है। इसके साथ भारतीय नागरिकों के आंकड़ों की सुरक्षा, आंकड़ों को देश के भीतर रखने, संचार की वैध निगरानी, आपातकालीन परिस्थितियों में सरकारी पहुंच और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर प्रश्न जुड़े हैं। भारत यह सुनिश्चित करना चाहता है कि भारतीय उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा कहां रखा जाएगा, संचार व्यवस्था पर किसका नियंत्रण होगा और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों को कानून के तहत आवश्यकता पड़ने पर आवश्यक जानकारी और पहुंच किस प्रकार उपलब्ध होगी?

वहीं स्टारलिंक ने भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने की कोशिश करते हुए दावा किया है कि उसने भारत में लगभग 20 जमीन आधारित केंद्र तैयार किए हैं और भारतीय उपयोगकर्ताओं के आंकड़ों को देश के भीतर रखने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था विकसित की है। कंपनी की वरिष्ठ अधिकारी लॉरेन ड्रेयर ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस में कहा कि भारत से सभी आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद कंपनी सेवा शुरू करने के लिए तैयार है। लेकिन भारत का रुख बिल्कुल स्पष्ट है, पहले सुरक्षा, उसके बाद सेवा। साथ ही भारत के निष्पक्ष रवैये का एक बड़ा उदाहरण खुद एलन मस्क की दूसरी कंपनी टेस्ला है। भारत ने टेस्ला को देश में कारोबार करने से नहीं रोका। टेस्ला ने मुंबई में अपना पहला शोरूम खोला और भारत में अपनी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री शुरू की। अगर भारत सरकार वास्तव में मस्क की कंपनियों के खिलाफ होती, तो टेस्ला को भारतीय बाजार में प्रवेश की अनुमति क्यों दी जाती? लेकिन क्या कार बेचने और देश की संचार व्यवस्था का हिस्सा बनने को एक ही तराजू में तौला जा सकता है? बिल्कुल नहीं। कार एक उपभोक्ता वस्तु है, जबकि देश की संचार व्यवस्था सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा, आंकड़ों और रणनीतिक संचार से जुड़ी होती है। इसलिए दोनों क्षेत्रों में सुरक्षा के अलग-अलग मानक होना स्वाभाविक है।

यही बात मस्क के आरोपों पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा करती है। अगर भारत स्टारलिंक के साथ भेदभाव कर रहा है, तो वनवेब और रिलायंस जियो भी सुरक्षा जांच की प्रक्रिया से क्यों गुजर रहे हैं? और अगर भारत किसी एक कारोबारी समूह को फायदा पहुंचाना चाहता है, तो फिर मस्क की टेस्ला को भारत में कारोबार करने की अनुमति क्यों दी गई? इसमें कोई दो राय नहीं कि एलन मस्क को भारत के फैसले पर सवाल उठाने का अधिकार है। लेकिन किसी संप्रभु देश की नियामकीय प्रक्रिया पर सवाल उठाने के साथ आरोपों के समर्थन में ठोस प्रमाण देना भी जरूरी है। केवल सोशल मीडिया पर प्रभावशाली उद्योगपतियों वाला आरोप लगा देना इस बात का प्रमाण नहीं बन जाता कि भारत की व्यवस्था पक्षपातपूर्ण है। भारत को विदेशी निवेश चाहिए, नई तकनीक चाहिए और दुनिया की बड़ी कंपनियों का स्वागत भी है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि किसी विदेशी कंपनी को राष्ट्रीय सुरक्षा से ऊपर रखा जाए। भारत किसी अरबपति की निजी संपत्ति नहीं है और न ही किसी कारोबारी की सोशल मीडिया टिप्पणी भारत की नीतियां तय कर सकती है। भारत अपने फैसले अपनी संप्रभुता, अपने कानून, अपनी सुरक्षा और अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर करेगा। यही किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र का अधिकार है और यही उसकी जिम्मेदारी भी है। एलन मस्क को यह भी समझना होगा कि भारत की सुरक्षा चिंता को केवल आशंका मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। दुनिया के दूसरे देशों में भी स्टारलिंक को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा और नियंत्रण से जुड़े गंभीर सवाल उठे हैं। ऑस्ट्रेलिया के सरकारी सुरक्षा अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि निजी उपग्रह इंटरनेट कंपनियों पर किसी देश का नियंत्रण सीमित हो सकता है। ऐसे में इन कंपनियों पर जरूरत के मुताबिक निगरानी और नियंत्रण न होने से देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए खतरा पैदा हो सकता है। यूक्रेन में तो स्टारलिंक की भूमिका सीधे युद्ध और सुरक्षा से जुड़ चुकी है। अमेरिकी सरकारी जांच में पाया गया कि स्टारलिंक दोहरे उपयोग वाली तकनीक है, जिसका इस्तेमाल नागरिक संचार के साथ-साथ युद्धक्षेत्र में ड्रोन संचालन, तोपों के निशाने और सैन्य संचार के लिए भी हुआ।

आज का राशिफल

मेष
आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नौकरी में सहकर्मियों का साथ रहेगा। थकान रहेगी।

वृष
आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे।

मिथुन
पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

कर्क
शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

सिंह
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी।

कन्या
राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

तुला
राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

वृश्चिक
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है।

धनु
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

मकर
पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। उत्साह बना रहेगा।

कुंभ
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रमाद से बचें।

मीन
प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

स्वास्थ्य समाचार

पेट की चर्बी कम करने के लिए खाएं यह फल

कई लोग वजन कम करने के लिए कम खाना खाते हैं या भूख रहकर तेजी से वजन घटाने की कोशिश करते हैं। इस तरह से आप भले ही वजन कम कर लें। लेकिन कम खाने या भूखे रहने से आपकी सेहत खराब हो सकती है। दरअसल सही तरीके से भोजन न करने से आपको शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं, जिससे शरीर कमजोर हो सकता है। इससे मांसपेशियां और हड्डियां कमजोर हो सकती है। इसलिए अगर आप अपने बैली फैट को कम करना चाहते हैं, तो कुछ खास फलों का सेवन आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। इससे बैली फैट कम होने के साथ आपका अंदर से भी फिट रहते हैं। इन फलों के सेवन से स्किन स्वस्थ रहती है और मांसपेशियां मजबूत होती है। यह हृदय स्वास्थ्य और हड्डियों के विकास के लिए भी काफी अच्छा होता है।



कीवी

कीवी वजन कम करने वाले सुपरफूड हैं। कीवी विटामिन सी, विटामिन ई, फोलेट और फाइबर से भरपूर होता है। कीवी के बीज खाने के पाचन में तेजी से मदद करते हैं। इनमें अघुलनशील फाइबर पाया जाता है। वहीं हरे भाग में घुलनशील फाइबर पाया जाता है, जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। खाने या मीठे की क्रेविंग होने पर आप कीवी का सेवन कर सकते हैं। इससे बैली फैट भी कम होता है। इसे आप अपने सुबह के नाश्ते या शाम के स्नैक्स में शामिल कर सकते हैं।

सेब

वैसे तो कहा जाता है कि सेब के सेवन से आप डॉक्टर से दूर रहते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि बैली फैट कम करने के लिए आप सेब का सेवन कर सकते हैं। दरअसल सेब में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो आपके पाचन तंत्र को अच्छा रखने के साथ वजन भी कम कर सकता है। रोजाना एक सेब खाने से आप बीमारियों से दूर रहते हैं। इसके अलावा ब्लड शुगर कम करने में, बॉडी को डिटॉक्स करने और कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित रखने में भी सेब काफी कारगर साबित हो सकता है।

पपीता

पपीता का सेवन करने से वजन और बैली फैट कम करने में काफी सहायता मिलती है। पपीता में अच्छी मात्रा में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है। यह पाचन क्रिया को ठीक रखने में मदद करता है। पपीता खाने से मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है इसलिए जब भी आपको भूख लगे आप पपीता खा सकते हैं।

अदरक, लहसुन और शहद एक साथ खाने से मिलते हैं यह बेहतरीन फायदे



अदरक, लहसुन और शहद तीनों ही चीजें आयुर्वेद में औषधि के रूप में इस्तेमाल की जाती हैं। आमतौर पर भोजन बनाने के लिए मसाले के रूप में अदरक और लहसुन का इस्तेमाल भी लगभग हर भारतीय रसोई में किया जाता है। लहसुन में मौजूद गुण कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी के खतरे को कम करने के लिए भी प्रभावी माने जाते हैं। अदरक, लहसुन और शहद का एक साथ सेवन करने से हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कम होता है और शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ भी बाहर निकलते हैं। सर्दी-जुकाम, फ्लू और बुखार जैसी समस्या में भी इसका सेवन बहुत फायदेमंद होता है। ऑस्टियोअर्थराइटिस, और प्रोस्टेट बढ़ने की समस्या में भी लहसुन, अदरक और शहद का एकसाथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अदरक, लहसुन और शहद में मौजूद गुण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम करते हैं और शरीर को कई तरह के इन्फेक्शन से भी बचाते हैं। अदरक के साथ शहद और लहसुन का सेवन करने से इसमें मौजूद गुण और बढ़ जाते हैं। इसका सेवन करने से कैंसर जैसी घातक और जानलेवा बीमारी में भी फायदा मिलता है। कीमोथेरेपी के दौरान शरीर पर पड़ने वाले रेडिएशन के प्रभाव को भी कम करने के लिए अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

इम्यूनिटी बढ़ाने में फायदेमंद : शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। रोजाना खाली पेट इसका सेवन करने से आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और इन्फेक्शन आदि की समस्या में फायदा मिलता है। रोजाना लहसुन, अदरक और शहद को एक साथ मिक्स करके संतुलित मात्रा में सेवन कर सकते हैं।

शरीर को डिटॉक्स करने में फायदेमंद : लहसुन, अदरक और शहद में मौजूद गुण शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन करने से किडनी को भी फायदा मिलता है। अदरक, लहसुन और शहद का सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने के साथ-साथ शरीर को इन्फेक्शन आदि से बचाने के लिए फायदेमंद होता है। इनमें एंटी-फंगल, एंटी-वायरल और एंटी - बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को इन्फेक्शन और फ्लू आदि से बचाने का काम करते हैं।

हार्ट को हेल्दी रखने में फायदेमंद : दिल की सेहत के लिए अदरक, लहसुन और शहद का मिश्रण बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से दिल की धमनियों में मौजूद फैट को कम करने में फायदा मिलता है और ब्लड सर्कुलेशन भी ठीक होता है। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के लिए भी अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

सर्दी-जुकाम और फ्लू में फायदेमंद : सर्दी-जुकाम और फ्लू की समस्या में अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से मौसम के बदलाव की वजह से होने वाले इन्फेक्शन में बहुत फायदा मिलता है। इसका सेवन करने से साइनस की समस्या में भी फायदा मिलता है।

डायरिया में फायदेमंद : बच्चों में डायरिया या दस्त की समस्या में अदरक, लहसुन और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। अदरक, लहसुन और शहद का सिरप बनाकर बच्चों को एक चम्मच पिलाने से फायदा मिलता है।

उल्टी और मतली की समस्या में फायदेमंद : उल्टी और मतली की समस्या में अदरक, लहसुन और शहद का सेवन करने से बहुत फायदा मिलता है। एनसीबीआई की एक स्टडी में भी इस बात की पुष्टि की गयी है। अदरक में मौजूद गुण उल्टी और मतली रोकने में बहुत प्रभावी होते हैं।

तिल हटाने के लिए इन तरीकों से इस्तेमाल करें चूना



होंठों के ऊपर या गालों पर तिल होना, आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देता है। लेकिन जब एक ही जगह पर 2 से अधिक तिल होते हैं, तो इससे पूरा लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में तिल को हटाने के लिए लोग तरह के क्रीम, सर्जरी या दवाइयों का सहारा लेते हैं। वहीं कुछ लोग घरेलू उपायों की मदद से तिल हटाना पसंद करते हैं। अगर आप भी घरेलू उपाय से तिल हटाना चाहते हैं, तो चूना इसके लिए बेस्ट हो सकता है। चूना लगाने से तिल धीरे-धीरे हल्का पड़ने लगता है और गायब हो जाता है।

चूना और पान : अगर आपके चेहरे, गर्दन या शरीर के किसी भी हिस्से पर तिल हैं और आप उसे हटाना चाहते हैं, तो चूना और पान का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप एक पान का पत्ता लें। इस पर चूने का पेस्ट डालें। इसके बाद इस पत्ते को तिल पर रख दें। आधे से एक घंटे बाद इसे हटाएं और कपड़े से साफ कर लें। रोजाना कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपका तिल धीरे-धीरे रिमूव होने लगेगा।

चूना और एलोवेरा : तिल हटाने के लिए आप चूना और एलोवेरा का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप चूना लें और इसमें एलोवेरा जेल डाल दें। अब इन दोनों को अच्छी तरह मिलाएं और तिल पर लगा दें। एक घंटे बाद इसे साफ कर लें। दिन में 1-2 बार ऐसा करने से आपका तिल हट सकता है। आप इस घरेलू उपाय को लगातार एक हफ्ते तक ट्राई कर सकते हैं। एलोवेरा जेल तिल हटाने में असरदार हो सकता है।

चूना और पानी

अगर आप शरीर के किसी हिस्से से तिल हटाना चाहते हैं, तो सिर्फ चूना और पानी का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप 1 चुटकी चूना लें। इसमें थोड़ा सा पानी मिला लें। अब चूने के पेस्ट को तिल पर लगाएं और 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद कॉटन के कपड़े से पोछ लें। रोजाना 2-3 बार तिल पर चूना लगाने से आपको फर्क नजर आने लगेगा। तिल धीरे-धीरे निकलने लगेगा।

नई पंचायत समिति के भवन के लिए जल्द मिलेगी जमीन, कलेक्टर ने दिए निर्देश

दिनेश जाखड़



गुढ़ागौड़जी (नवयत्न)। नई पंचायत समिति बनने के बाद अब पंचायत समिति भवन के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया तेज होगी। पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि नई पंचायत समिति के स्थायी भवन के लिए जमीन उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। जल्द ही उपयुक्त स्थान चिह्नित कर जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को जमीन आवंटन को लेकर आवश्यक कार्रवाई जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। जमीन मिलने के बाद पंचायत समिति भवन के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

स्थायी भवन बनने तक वैकल्पिक कार्यालय

कलेक्टर ने बताया कि स्थायी भवन तैयार होने तक पंचायत समिति के संचालन के लिए वैकल्पिक कार्यालय की व्यवस्था की जाएगी। इससे नई पंचायत समिति का कामकाज शुरू करने में देरी नहीं होगी और ग्रामीणों को अपने काम के लिए दूसरी जगह नहीं जाना पड़ेगा। नई पंचायत समिति के सुचारू संचालन के लिए कार्यालय, कर्मचारियों और जरूरी संसाधनों की व्यवस्था भी प्राथमिकता से की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर मिलेंगी सुविधाएं

नई पंचायत समिति बनने से क्षेत्र के ग्रामीणों को विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं से जुड़े काम स्थानीय स्तर पर कराने की सुविधा मिलेगी। पंचायत समिति भवन के लिए जमीन आवंटित होने के बाद स्थायी कार्यालय बनाने का रास्ता साफ होगा। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जमीन आवंटन के बाद भवन निर्माण का काम भी जल्द शुरू होगा।

केसीसी की सी टीम ने ओवरऑल रेस्क्यू में हासिल किया प्रथम स्थान

12वीं इंट्रा-जोनल खान रेस्क्यू प्रतियोगिता का समापन, 11 टीमों ने लिया भाग



निसं

खेतड़ी नगर (नवयत्न)। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स (केसीसी) इकाई के सौजन्य से खान सुरक्षा महानिदेशालय, उत्तर-पश्चिमी जोन उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित 12वीं इंट्रा-जोनल खान रेस्क्यू प्रतियोगिता का बुधवार देर शाम आरएंडडी भवन में समापन हुआ। प्रतियोगिता में केसीसी की टीमों का प्रदर्शन प्रमुख रहा। ओवरऑल रेस्क्यू में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के केसीसी की सी टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर जनरल मुरलीधर बिदरी थे। विशिष्ट अतिथि एचसीएल के डायरेक्टर माइनिंग जीडी गुप्ता, विनोद रजक, श्याम सुंदर सैनी, यूएम सांवरकर और के. रविंद्र रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केसीसी के कार्यपालक निदेशक पुरुषोत्तमदास बोहरा ने की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि मुरलीधर बिदरी ने कहा कि खदानों में काम करते समय शून्य दुर्घटना का लक्ष्य ध्यान में रखना चाहिए। आपात स्थिति में रेस्क्यू टीम की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में काम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षित अपने घर पहुंचे, यही प्राथमिकता होनी चाहिए। एचसीएल के डायरेक्टर माइनिंग जीडी गुप्ता ने कहा कि केसीसी की रेस्क्यू टीम ने कोलिहान खदान हादसे के दौरान तत्परता से बचाव कार्य किया था। उन्होंने बताया कि पहले रेस्क्यू टीम में तीन-चार सदस्य होते थे, जबकि अब टीम में करीब 30 प्रतिभागी हैं।

प्रतियोगिता में रेस्क्यू टीमों ने तकनीकी दक्षता, बचाव कौशल और आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों और प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला समाज अध्यक्ष लीला बोहरा सहित एचसीएल और केसीसी के अधिकारी, कर्मचारी, रेस्क्यू टीमों के सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम

ओवरऑल रेस्क्यू में केसीसी सी टीम प्रथम, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड कयाड द्वितीय, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड महिला बी टीम तृतीय। रेस्क्यू एंड रिकवरी ड्रिल में केसीसी सी टीम प्रथम, कयाड टीम द्वितीय, हिंदुस्तान जिंक महिला बी टीम तृतीय। कैप्टन रिपोर्ट में केसीएम बी टीम प्रथम, हिंदुस्तान जिंक महिला बी टीम द्वितीय। फर्स्ट एड प्रैक्टिकल में केसीसी सी टीम प्रथम, हिंदुस्तान जिंक महिला सी टीम द्वितीय। टर्नआउट एंड ड्रिल में हिंदुस्तान जिंक महिला ए टीम प्रथम, खेतड़ी माइन ए टीम द्वितीय। बेस्ट मेंबर अवॉर्ड में केसीसी सी के मोहर सिंह विजेता रहे।

11 अक्टूबर से शुरू होगा 100 कुण्डीय अयुतचंडी महायज्ञ

ढाई हजार महिलाएं निकालेगी भव्य कलश यात्रा

श्रीराम तिवाड़ी

नोखा (नवयत्न)। राजकीय बाबा छोटू नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय के पिछवाड़े पश्चिमी द्वार के समीप नवनिर्मित मणिद्वीप महातीर्थ क्षेत्र में 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 100 कुण्डीय अयुतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। मणिद्वीप महातीर्थ क्षेत्र में करीब 150 गुणा 150 फीट की 100 कुण्डीय चलायमान यज्ञशाला, विशाल पांडाल तथा भगवान गणेश और मां देवी के अस्थाई मंदिर का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। आयोजन स्थल को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया है, जिससे रात के समय पूरा परिसर भव्य एवं मनोहारी नजर आ रहा है। गुरुवार 8 अक्टूबर को प्रदोष काल में शाम 5 बजे नवनिर्मित पार्थिव शिवलिंगों की विद्वान पंडित-आचार्यों द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जोड़े एवं एकल रूप से भगवान शिव की पूजा की। चातुर्मास सत्संग समिति नोखा द्वारा परम पूज्य दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज, श्रीधाम वृंदावन के सानिध्य में आयोजित यह दस दिवसीय धार्मिक महोत्सव नोखा में पहली बार इस भव्य स्वरूप में हो रहा है। आयोजन में श्रद्धालु बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रहे हैं।

दो पारियों में होगा महायज्ञ

प्रहलाद मोहता, दामोदर तिवारी, गिरधारी पारीक एवं बृजरतन डागा ने बताया कि महायज्ञ में प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 बजे तथा दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक दो पारियों में हवन होगा। वहीं श्रीमद् देवी भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। प्रतिदिन शाम 6 बजे काशी की भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा।

ढाई हजार महिलाएं निकालेगी कलश यात्रा

आयोजन के प्रथम दिन 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें ढाई हजार से अधिक महिलाएं एक रंग की साड़ियां पहनकर शामिल होगी। समिति की ओर से कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं के लिए दो हजार से अधिक साड़ियों की व्यवस्था की गई है। वहीं रविवार शाम प्रदोष बेला में यज्ञशाला के शिखर पर कलश स्थापित किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी इन्द्रचन्द मोदी ने बताया कि आयोजन की व्यवस्थाओं में नारायण राठी, जुगल लोहिया, ओमप्रकाश तिवारी, पवन लाहोटी, पवन चांडक, सुनील भट्टड़, गोपाल मोहता, रमेश मालानी, पवन कोठारी, श्रवण कुमार पाईवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

रेल्वे स्टेशन से संस्कार स्कूल तक रात्रि में अंधेरे का साम्राज्य

रात्रि में अंधेरे के चलते लूट का बना खतरा।

अबूबकर बल्खी

लाडनूं (नवयत्न)। स्थानीय जागरूक वार्डवासी अब्दुल हमीद पुत्र मोहम्मद सद्दीक निवासी वार्ड संख्या 32 ने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मंडल को पत्र भेजकर बताया कि लाडनूं रेलवे स्टेशन से संस्कार स्कूल तक जाने वाले मार्ग पर रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरा मार्ग अंधकारमय रहता है। उक्त मार्ग लाडनूं से खानपुर होते हुए सुजानगढ़ की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग होने के साथ-साथ आसपास की विभिन्न कॉलोनियों को जोड़ता है। इस कारण यहां दिन-रात आमजन एवं वाहन चालकों की आवाजाही बनी रहती है। रात्रि के समय मार्ग पर अंधेरा होने से राहगीरों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा सुरक्षा की दृष्टि से भी यह स्थिति चिंताजनक है। पूर्व में इसी मार्ग पर अंधेरे का फायदा उठाकर एक सुनार के साथ लूट की घटना भी हो चुकी है। ऐसे में मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होना आमजन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन से संस्कार स्कूल तक के पूरे मार्ग पर लगभग 10 विद्युत पोल पहले से लगे हुए हैं। यदि इन सभी पोलों पर स्ट्रीट लाइट लगवा दी जाए तो पूरे मार्ग पर पर्याप्त रोशनी हो सकती है और आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। वार्डवासियों ने बताया कि जनहित एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनुरोध है कि उक्त मार्ग का मौका निरीक्षण करवाकर सभी 10 पोलों पर शीघ्र स्ट्रीट लाइट लगवाने की आवश्यक कार्रवाई करवाने का कष्ट करें, ताकि रात्रि के समय मार्ग पर आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो सके।

दिव्यांगजनों की बैठक 10 अक्टूबर को

निलेश मुद्गल

झुंझुनूं (नवयत्न)। राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान के तत्वावधान में 10 अक्टूबर को करणी राम रामदेव पार्क, कोर्ट सर्किल झुंझुनूं में दिव्यांगजनों की बैठक आयोजित होगी। इसमें जिलेभर से दिव्यांगजन शामिल होंगे। प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोवा ने बताया कि बैठक का उद्देश्य दिव्यांगजनों को विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है। साथ ही पात्र दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए चयन से पहले सिलाई कार्य का टेस्ट लिया जाएगा।

सिंहोड़ को बबाई पंचायत समिति में शामिल करने का विरोध

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, खेतड़ी में ही रखने की मांग



निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। नवगठित पंचायत समिति बबाई में ग्राम पंचायत सिंहोड़ को शामिल किए जाने के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। राजीविका महिला समूहों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर एवं उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर सिंहोड़ को पंचायत समिति खेतड़ी में ही यथावत रखने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत सिंहोड़ वर्तमान में पंचायत समिति खेतड़ी के अंतर्गत आती है। अब इसे नवगठित पंचायत समिति बबाई में शामिल करने का प्रस्ताव सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि सिंहोड़ को बबाई में शामिल करने से लोगों को सरकारी कार्यों के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी। इससे विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रमाण-पत्रों और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ज्ञापन में राजकीय महिला कर्मचारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को होने वाली संभावित आवागमन संबंधी परेशानी का भी उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि वर्तमान में पंचायत समिति खेतड़ी से जुड़े होने के कारण उनके कार्य आसानी से हो रहे हैं। बबाई में शामिल किए जाने पर प्रशासनिक और आवागमन संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सिंहोड़ की ओर से भी बैठक आयोजित कर प्रस्ताव पारित किया गया है। इसमें बबाई पंचायत समिति में शामिल किए जाने पर असहमति जताते हुए सिंहोड़ को पंचायत समिति खेतड़ी में ही रखने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सिंहोड़ को बबाई पंचायत समिति में शामिल नहीं करने और इसे खेतड़ी पंचायत समिति के अधीन ही रखने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांग पर जल्द निर्णय नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर निर्मला देवी, कविता, भावना, संजू, मंजू, मनेश, सुनीता, द्रोपदी, सुशीला, लाली देवी, लक्ष्मी, विद्या देवी, मोनिका और संतरा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

कृष्ण का मथुरा गमन प्रसंग सुन छलक उठी श्रोताओं की आंखें

मुकुंदगढ़ (नवयत्न)। चूड़ी अजीतगढ़ स्थित ठेलाणा धाम बालाजी मंदिर गौ सेवा आश्रम में चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण के मथुरा गमन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। व्यासपीठ से अवधूत संत लोकेशानंद महाराज ने जैसे ही भगवान कृष्ण के मथुरा जाने का प्रसंग सुनाना शुरू किया, श्रोताओं की आंखें छलक उठीं। महाराज ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब भगवान कृष्ण मथुरा जाने लगे तो माता यशोदा भावुक होकर कहती हैं-अरे कन्हैया, आज तुम मुझे छोड़कर मथुरा जाने की कह रहे हो। आज मुझे मालूम हुआ कि तुम देवकीनंदन हो, यशोदानंदन नहीं। इस पर कृष्ण ने कहा कि मैया, मुझे अपने कर्तव्य और कर्ज से मुक्त होने के लिए मथुरा जाना ही पड़ेगा। प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। इस अवसर पर यजमान मुरारीलाल सिंघानिया ने सपत्नीक पूजा-अर्चना की। कथा में गोपाल सिंह शेखावत एसआई,



भागीरथ सिंह, सुनील पांडे, देव माटोलिया, प्रहलाद सैनी, हरिराम गौड़, महेश गौड़, पुष्कर सैनी मंडावा, सज्जनलाल, महावीर बुढाढरा, पं. नवीन शर्मा, कृष्ण जाटवाला, दिनेश सुरोलिया, चेतन पाराशर, टोनी शर्मा, सचिन बबेरवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पं अनिल मुरारी शर्मा ने श्रद्धालुओं से गौ सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

छात्रा शाहीन अनमोल का सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन

ऑल इंडिया मेरिट में 41वीं रैंक, स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित



बिसाऊ (नवयत्न)। न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ की प्रतिभावान छात्रा शाहीन अनमोल का सेना में लेफ्टिनेंट पद के लिए नर्सिंग ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर, पुणे में चयन हुआ है। शाहीन ने चयन प्रक्रिया में ऑल इंडिया स्तर पर 41वीं रैंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। शाहीन की उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्था निदेशक डॉ. प्रताप सिंह और स्टाफ सदस्यों ने शाहीन का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संस्था निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि शाहीन पढ़ाई के साथ विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। वह प्रत्येक कार्य को पूरी रुचि और लगन के साथ करती थी। उन्होंने कहा कि शाहीन की उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। शाहीन अनमोल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत और लगन के साथ उसकी तैयारी करनी चाहिए। निरंतर प्रयास और अनुशासन से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। शाहीन के दादा कैप्टन जाफर खां ने भी विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने तथा परिवार और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने शाहीन का स्वागत किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संत गुमानगिरी महाराज की पुण्यतिथि पर होगी मैराथन और रात्रि को विशाल भजन संध्या

मुकुंदगढ़ (नवयत्न)। कुम्भनाथ दरबार में स्थित जीवित समाधि संत गुमानगिरी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर कामाक्षा मां शैलेन्द्र बाबा कामधेनू सेवा संस्थान के तत्वावधान में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सुबह मैराथन दौड़ तथा रात्रि में विशाल भजन संध्या आयोजित होगी। कार्यक्रम में पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज, पतंजलि योगपीठ के महामंत्री डॉ यशदेव शास्त्री एवं आचार्यकुलम हरिद्वार की डॉ ऋतंभरा शास्त्री बतौर अतिथि पूजा-अर्चना में शामिल होंगे। दरबार के महंत डॉ शैलेन्द्र नाथ अघोरी के सानिध्य मे सुबह मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

दिल्ली में कांग्रेस नेताओं पर कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने मनाया काला दिवस

खेतड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना दिया, राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निसं



खेतड़ी (नवयत्न)। दिल्ली में कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के नेताओं को प्रदर्शन के दौरान रोके जाने और पुलिस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को खेतड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काला दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि 8 अक्टूबर को भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

कांग्रेस नेताओं के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के सांसद निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर जंतर-मंतर की ओर जा रहे थे। दिल्ली पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक दिया और कई नेताओं को हिरासत में लिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य नेताओं के साथ पुलिस ने बल प्रयोग किया। पार्टी ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों और विपक्ष की आवाज से जुड़ा मामला बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं दिल्ली पुलिस की ओर से प्रदर्शनकारियों को निर्धारित नियमों के तहत रोके जाने की बात सामने आई है। धरने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता तथा विपक्ष को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार देने की मांग की। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक और जनप्रतिनिधि का अधिकार है। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को अपनी बात रखने से रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप कर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष निकेश पारीक, रामौतार सैनी, हजारीलाल सैनी, बीरबल, राजेंद्र, रामकरण, गिरधारीलाल, चंदगीराम सैनी, रामसिंह, अनिल कुमार, प्रेम कुमार, भरत सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बुहाना में स्थायी फायर ब्रिगेड की मांग : पूर्व उपप्रधान ने पालिका चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन, स्थायी वाहन या फायर स्टेशन की मांग


मधु दहिया



बुहाना (नवयत्न)। नगर पालिका क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए स्थायी रूप से अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने की मांग उठी है। पूर्व उपप्रधान राजपाल सिंह ने नगर पालिका चेयरमैन को ज्ञापन सौंपकर बुहाना में स्थायी अग्निशमन वाहन या फायर स्टेशन की व्यवस्था करने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि हाल ही में सूरजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में रात के समय एक दुकान में भीषण आग लगने से संबंधित व्यक्ति को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इस घटना के बाद बुहाना क्षेत्र में भी आगजनी जैसी आपात स्थिति में त्वरित राहत व्यवस्था को लेकर चिंता जताई गई।

राजपाल सिंह ने कहा कि आगजनी की घटना होने पर समय पर अग्निशमन वाहन नहीं पहुंचने से आग तेजी से फैल सकती है और जान-माल के साथ संपत्ति का नुकसान बढ़ सकता है। उन्होंने जनहित को देखते हुए बुहाना में स्थायी अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने या फायर स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि स्थायी व्यवस्था होने तक नजदीकी अग्निशमन केंद्रों से आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक समन्वय किया जाए। पार्षद लोकेश सिंह ने कहा कि बुहाना में अग्निशमन वाहन उपलब्ध होने से आगजनी की घटनाओं में तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी और नागरिकों की सुरक्षा में मदद मिलेगी।

मोतियाबिंद, सर्जरी ही है इसका सही इलाज



मोतियाबिंद आंखों की एक ऐसी बीमारी है, जिसमें मरीज की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होती है देश में ब्लाइंडनेस की सबसे बड़ी वजह मोतियाबिंद है। 70 पर्सेंट ब्लाइंडनेस मोतियाबिंद यानी कैटरैक्ट की वजह से होती है। लेकिन, पिछले दो साल से देश कोविड महामारी से जूझ रहा है और इस दौरान बिना वजह भारी संख्या में लोगों ने स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया है और इस वजह से पिछले कुछ दिनों से मोतियाबिंद के मामले बढ़ गए हैं। यही नहीं समय पर इलाज नहीं होने की वजह से इन लोगों में कॉम्प्लीकेशन बढ़ गया है। समय पर सर्जरी नहीं हो पाने की वजह से ऐसे लोगों में मोतियाबिंद काला मोतिया बन जा रहा है। यही वजह है कि डॉक्टर ऐसे लोगों को जल्द से जल्द सर्जरी की सलाह दे रहे हैं, क्योंकि इस बीमारी का सबसे अच्छा इलाज सर्जरी ही है। सेंटर फॉर साइट के डायरेक्टर डॉ.महिपाल सचदेव ने बताया कि देश में लगभग 12 मिलियन लोग मोतियाबिंद के शिकार थे, इसमें से 70 से 75 लाख की ही सर्जरी हो पाती है। मोतियाबिंद आंखों की एक ऐसी बीमारी है जिसमें मरीज की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होती है। बिना किसी दर्द, रोशनी धुंधली होती जाती है। ऐसे लोगों को पहचान करने में दिक्कत होती है, रात में दिखाई कम पड़ती है, बार बार चश्मे का नंबर बदलता रहता है और इसके बाद भी परेशानी कम नहीं होती है। इलाज नहीं किया जाए तो यह बीमारी सफेद मोतियाबिंद में बदल जाती है और तब स्थिति और खराब हो जाती है। डॉ.महिपाल ने बताया कि मोतियाबिंद कई वजह से हो सकती है। सबसे बड़ी वजह उम्र है। इसके अलावा चोट लगने या आंखों की दूसरी बीमारी होने की वजह से भी हो सकता है। आंखों के कॉर्निया में अल्सर होने, ट्यूमर होने या रेडिएशन थेरेपी की वजह से हो सकता है। कुछ लोगों को जेनेटिक भी होता है। इसके अलावा जो लोग लंबे समय से थायराइड या डायबिटीज से पीड़ित हैं, उन्हें भी यह बीमारी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच जरूरी है। इसलिए इलाज के लिए एक्सपर्ट के पास ही जाएं। जांच के दौरान यह देखा जाता है कि जिन्हें मोतियाबिंद होता है उनकी आंखों के बीच में सफेदी आ जाती है, इसलिए इसे सफेद मोतियाबिंद भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल इस बीमारी में आंखों का लेंस जो पारदर्शी होता है, वह क्लाउडी हो जाता है। इसकी वजह से विजन कम हो जाती है। लोगों को पढने लिखने में दिक्कत होती है। रंग की पहचान कर पाना मुश्किल होता है। लोगों को धुंधला या येलो दिखता है। समय पर इलाज कराने पर इससे छुटकारा मिल सकता है।

चूना और दालचीनी से मिलेंगे ये फायदे, ऐसे करें इस्तेमाल

अधिकतर लोग चूने का सेवन पान में मिलाकर करते हैं। वहीं दालचीनी को भोजन का स्वाद और पोषक तत्व बढ़ाने मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, चूना और दालचीनी को एक साथ लेना भी फायदेमंद हो सकता है। जब चूना और दालचीनी को खाया जाता है, तो इससे सेहत को कई लाभ मिल सकते हैं।



हड्डियां मजबूत बनाए

चूना और दालचीनी लेने का एक फायदा, हड्डियों को मजबूत बनाना है। चूने को हड्डियों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, चूने में कैल्शियम अधिक होता है, इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं। हड्डियों के दर्द से भी छुटकारा मिल जाता है। इसके अलावा चूना और दालचीनी हड्डियों से संबंधित कई समस्याओं को दूर करने में भी उपयोगी साबित होते हैं।

कब्ज से छुटकारा दिलाए

आजकल अधिकतर लोग कब्ज से परेशान हैं। ऐसे में वे तरह-तरह की दवाइयों का सेवन करते हैं। लेकिन चूना और दालचीनी का सेवन करने से कब्ज से भी छुटकारा मिल सकता है। कब्ज के लिए यह एक अच्छा घरेलू उपाय साबित हो सकता है। लेकिन हर व्यक्ति को इसका रिजल्ट मिले, यह जरूरी नहीं है।

वात रोगों का इलाज करे

आयुर्वेद के अनुसार चूना और दालचीनी वात रोगों के इलाज में भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। अगर आपको किसी भी प्रकार का वात रोग है, तो चूना और दालचीनी को एक साथ मिलाकर ले सकते हैं। इससे जोड़ों, मांसपेशियों, कमर, पैरों और घुटनों के दर्द से काफी राहत मिल सकती है। चूना और दालचीनी शरीर के सभी हिस्सों के दर्द को छूमंतर कर सकते हैं।

पोषक तत्वों का अवशोषण

हम हेल्दी खाना खाते हैं, लेकिन कई बार इनमें मौजूद पोषक तत्व हमें नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में चूना और दालचीनी का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। चूना और दालचीनी खाने से शरीर सभी माइक्रोन्यूट्रीएंट्स को आसानी से अवशोषित कर लेता है। आपको बता दें कि चूने में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है। जब चूना और दालचीनी का सेवन किया जाता है, तो शरीर को पर्याप्त कैल्शियम मिल जाता है। विटामिन्स और प्रोटीन को पचाने के लिए कैल्शियम की काफी जरूरत होती है।

त्वचा के लिए उपयोगी

चूना और दालचीनी त्वचा के लिए भी लाभकारी साबित हो सकता है। दरअसल, चूने का पेस्ट कील-मुहांसों को दूर करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही चूना त्वचा के तिल और मस्सों से भी छुटकारा दिला सकता है। इसके लिए आप प्रभावित स्थान पर चूने का पेस्ट लगा सकते हैं।

चूना और दालचीनी के नुकसान

- चूना और दालचीनी का सेवन अधिक मात्रा में करने से बचना चाहिए।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को इनका सेवन नहीं करना चाहिए।

चेहरे पर निखार लाने के लिए चीनी-नींबू से बनाएं फेस स्क्रब

त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बनाने के लिए स्क्रबिंग करना बेहद जरूरी होता है। स्क्रब करने से त्वचा के डेड स्किन सेल्स साफ हो जाते हैं और टैनिंग भी दूर होती है। स्किन पर डेड स्किन जमा हो जाने से इसकी रंगत काली होने लगती है, साथ हीर स्किन पर मुहांसे, झाइयां आदि समस्याएं होने लगती हैं। कई बार महंगे प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से भी त्वचा में निखार नहीं पाता, जिस कारण स्किन पर धीरे-धीरे समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए आप चीनी और नींबू का स्क्रब घर पर बना सकते हैं। ये त्वचा की गंदगी को साफ करके उसे चमकदार बनाने में मदद करेगा।

चीनी और नींबू का स्क्रब बनाने के लिए सामग्री

- चीनी 2 चम्मच
- नींबू का रस- 2 चम्मच
- गुलाबजल- 1 चम्मच
- ग्लिसरीन- आधा चम्मच



चीनी और नींबू का स्क्रब बनाने का तरीका

एक कटोरी में 2 चम्मच चीनी लें और दूसरी कटोरी में नींबू का रस, गुलाबजल और ग्लिसरीन को अच्छे से मिला लें। अब निचोड़े हुए नींबू के छिलके को पहले इस मिश्रण में डुबोएं और फिर चीनी वाले बाउल में डिप करके इस पर चीनी लगा लें। अब इसी नींबू को चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ते हुए स्क्रब करें। अगर मिश्रण सूखा लग रहा है, तो चेहरे पर और गुलाबजल लगा सकते हैं। इस स्क्रब को चेहरे पर 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें। सूखने के बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें और मॉइश्चराइजर लगाएं।

टैनिंग को कम करे

चेहरे की टैनिंग दूर करने के लिए हफ्ते में एक बार चीनी और नींबू का स्क्रब चेहरे पर लगा सकते हैं। ये स्क्रब पुरानी टैनिंग को भी दूर करने में मदद करता है। नींबू और चीनी मिलकर त्वचा में निखार लाने में मदद करते हैं।

झुर्रियां को कम करने में मदद करता है

त्वचा पर नियमित तौर पर स्क्रबिंग करने से त्वचा में झुर्रियां कम होती हैं। त्वचा पर चीनी और नींबू के इस्तेमाल से झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। ये एक नैचुरल स्क्रब है, जो त्वचा से मृत कोशिकाओं को हटाने का काम करता है।

त्वचा पर ग्लो लाने के लिए

चीनी त्वचा को साफ करने का काम करती है। वहीं नींबू की मदद से त्वचा चमकदार बनती है। नींबू और चीनी को स्किन पर लगाने से त्वचा की असमान रंगत में भी सुधार होता है। इसका इस्तेमाल हफ्ते में एक बार ही करें।

ड्राई स्किन की समस्या दूर होगी

चीनी और नींबू के स्क्रब में ग्लिसरीन मिलाने से ड्राई स्किन की समस्या दूर करने में मदद मिल सकती है। इस स्क्रब की मदद से त्वचा की डीप क्लिनिंग होगी, साथ ही स्किन को पोषण भी मिलेगा। इस स्क्रब का इस्तेमाल किसी भी मौसम मे किया जा सकता है।

हाई ब्लड प्रेशर रोगी रोज खाएं ये ड्राई फ्रूट्स, कंट्रोल रहेगी बीपी

ड्राई फ्रूट्स का सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ड्राई फ्रूट्स में हेल्दी फैट्स के साथ ही ओमेगा-3 फैटी एसिड, पोटैशियम, मैग्नीशियम, डाइट्री फाइबर, कैल्शियम, कॉपर, आयरन, विटामिन ए, सी, ई, के जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं। इसके अलाव इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी अच्छी मात्रा में होते हैं। जिससे यह न सिर्फ शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करने में मदद करते हैं, बल्कि कई सेहत को कई लाभ प्रदान करने के साथ ही कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

सूखे आलूबुखारा : आलूबुखारा में पोटेशियम प्रचुर मात्रा में मौजूद होता है। जिससे यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में बहुत लाभकारी है। आप रात भर भीगे हुए सूखे आलूबुखारे का सुबह सेवन कर सकते हैं। आप ब्रेकफास्ट या सुबह खाली पेट दूध के साथ सूखे आलूबुखारा का सेवन कर सकते हैं।

सूखे अंजीर : सूखे अंजीर में डाइट्री फाइबर, मैग्नीशियम, पोटैशियम की भरपूर मात्रा होती है। जिससे यह ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है। आप रात भर सूखे अंजीर का सेवन सुबह कर सकते हैं।



काजू : काजू खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद मिलती है। साथ ही इसमें सोडियम का स्तर कम होता है और पोटेशियम की अच्छी मात्रा में मौजूद होते है। जिससे हाई बीपी को कंट्रोल करने में फायदेमंद है।

बादाम : बादाम में अल्फा टोकोफेरोल नामक यौगिक मौजूद होते हैं, जिन्हें शरीर में ब्लड प्रेशर के सामान्य स्तर को बनाए रखने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा ये हेल्दी फैट्स और विटामिन ई का बेहतरीन स्रोत हैं। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बादाम का सेवन बहुत लाभकारी है। आप 7-8 रातभर भीगे हुए बादाम का सेवन कर सकते हैं।

पिस्ता : पिस्ता में एंटीऑक्सिडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है। इनमें कैलोरी कम होती है साथ ही ये फाइबर से भरपूर होते हैं।

चेहरे पर चावल का आटा लगाने से दूर होती हैं कई समस्याएं

चावल का आटा हमारी से सेहत को तो दुरुस्त रखता ही है, साथ ही ये हमारे फेस के लिए भी काफी फायदेमंद है। चावल का आटा चेहरे पर लगाने से चेहरे की रंगत निखरती है, चेहरे के दाग-धब्बे दूर होते हैं, चेहरा चमकदार बनता है और टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। चावल का आटा एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और फोलिक एसिड से भरपूर होता है , जो चेहरे की कई समस्याओं को दूर करते हैं। इसका इस्तेमाल त्वचा के एक्सेस ऑयल को निकालने के लिए भी कर सकते हैं। चावल का आटा चावल को पीसकर बनाया जाता है। 1 चम्मच चावल के आटे को मलाई में मिला कर मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को डार्क सर्कल पर अप्लाई करें। 15-20 मिनट इसे लगा रहने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें। लगातार ऐसा करने से डार्क सर्कल की समस्या दूर होती है। हफ्ते में दो बार इस नुस्खे को ट्राई कर सकते हैं।

रंगत निखारने के लिए

चावल का आटा त्वचा के नैचुरल रंगत को निखारने में मदद करता है। एक कटोरी में 1 चम्मच चावल का आटा, मैश किया हुआ कच्चा आलू, आधा चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल मिला लें। अब इस मिश्रण को स्क्रब के जैसा चेहरे पर



लगाएं। 10 मिनट इस मिश्रण को लगाने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

दाग-धब्बे दूर करें

दाग-धब्बे चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। दाग-धब्बे कम करने के लिए 1 चम्मच चावल का आटे में 1 चम्मच गुलाब जल और 1 चम्मच बादाम का तेल मिक्स कर लें। इस मिश्रण को हफ्ते में 3 बार चेहरे के दाग-धब्बों पर लगाएं। जल्द ही आपको फर्क नजर आएगा।

मुहांसे की समस्या होती है दूर

चावल के आटे में ऑयल अब्सोर्बिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। ज्यादा ऑयल चेहरे पर कील-मुंहासों को बढ़ाते हैं। इसलिए ऑयली स्किन वाले लोग चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकते है। इसको बनाने के लिए दो चम्मच चावल के आटे में गुलाबजल मिलाएं इसका एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। फिर नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

ग्लो पाने के लिए

चेहरे के चमक बढ़ाने के लिए आप चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसको बनाने के लिए 1 चम्मच चावल का आटा, चंदन पाउडर और दही का एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में 2 बार कर सकती हैं। ध्यान रखें, चावल का आटा फेस पर लगाने से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।

गिलोय का सेवन करने के फायदे

आयुर्वेद में गिलोय का अमृता कहा जाता है और सदियों से इसका इस्तेमाल बुखार, सर्दी-खांसी आदि को ठीक करने के लिए किया जा रहा है। जहां तक आम लोगों के बीच गिलोय की लोकप्रियता की बात है तो कोरोना ने इसे घर-घर में पॉप्युलर बना दिया है और अब इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए लोग गिलोय के काढ़े से लेकर, जूस और गोलियों तक का सेवन कर रहे हैं। आयुर्वेद के जानकारों के अनुसार, पान के पत्ते की तरह दिखने वाले गिलोय की पत्तियों में कैल्शियम, प्रोटीन, फॉस्फोरस भरपूर मात्रा में होता है। जबकि इसके तने में स्टार्च की अधिकता होती है। आयुर्वेद एक्सपर्ट्स के अनुसार, गिलोय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही कई बीमारियों से भी बचाव करता है।

बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ाता है : अमृता यानी गिलोय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जाना जाता है, तभी तो कोरोना काल में गिलोय की मांग बहुत अधिक बढ़ गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह वायरस से होने वाली बीमारियों से शरीर को बचाता है और सर्दी-जुकाम से बचाने में भी कारगर है क्योंकि इसकी तासीर बहुत गर्म होती है। बुखार में भी इसके सेवन की सलाह दी जाती है।

ब्लड प्लेटलेट्स बढ़ाता है : डेंगू होने पर ब्लड प्लेटलेट्स तेज़ी से कम होने लगते हैं ऐसे में आयुर्वेद विशेषज्ञ मरीजों को गिलोय के सेवन की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे



प्लेटलेट्स तेजी से बढ़ने लगते हैं। गिलोय के हरे तने को काटकर अच्छी तरह साफ करने के बाद इसे पानी में करीब आधे घंटे तक उबाला जाता है और जब पानी का रंग हरा हो जाए तो इस पानी को छानकर मरीज को दें। दरअसल, गिलोय में एंटीपायरेटिक तत्व होता है जो डेंगू के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है और इससे इम्यूनिटी भी बढ़ती है जिससे मरीज जल्दी ठीक हो जाता है।

जॉन्डिस में फायदेमंद : गिलोय न सिर्फ बुखार और सर्दी-खांसी, बल्कि जॉन्डिस यानी पीलिया के मरीजों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद के जानकारों का मानना है कि गिलोय के पत्तों का रस पीने से पीलिया के मरीज़ों को आराम मिलया है और इसकी वजह से होने वाला बुखार और दर्द भी कम होता है।

पाचन को दुरुस्त रखता है : यदि आप अक्सर पेट से जुड़ी बीमारियों से परेशान रहते हैं, तो गिलोय का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि इसके नियमित सेवन से कब्ज और गैस जैसी समस्याओं से राहत मिलती है और पाचन तंत्र ठीक तरह से काम करता है।

एनीमिया में फायदेमंद : आयुर्वेद विशेषज्ञों के मुताबिक, जिन लोगों को खून की कमी होती है उन्हें भी गिलोय का सेवन करना चाहिए, क्योंकि गिलोय में ग्लूकोसाइड और टीनोस्पोरिन, पामेरिन और टीनोस्पोरिक एसिड की मात्रा अधिक होती है जो शरीर में खून की कमी दूर करने में मददगार है।

गिलोय का सेवन किसे नहीं करना चाहिए?

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि गिलोय बहुत फायदेमंद है, लेकिन हर चीज़ की तरह इसके भी कुछ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसलिए कुछ लोगों को विशेष परिस्थितियों में इसका सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसकी तासीर बहुत गर्म होती है इसलिए प्रेग्नेंट महिलाओं को भूल से भी गिलोय का सेवन नहीं करना चाहिए र न ही 5 साल से कम उम्र के बच्चों को गिलोय देना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों को ब्लड शुगर लेवल कम रहता है, उन्हें भी इसके सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि गिलोय ब्लड शुगर लेवल को और कम कर सकता है। जिन लोगों का पाचन कमजोर है उन्हें भी गिलोय के सेवन से बचने की जरूरत है।

बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए उनकी लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

पेरेंट्स को अक्सर इस बात की चिंता लगी रहती है कि उनके बच्चे की हाइट अच्छी हो। कई बार बच्चों का शारीरिक विकास ठीक से नहीं होने के कारण उनकी हाइट ठीक से नहीं बढ़ पाती। हाइट न बढ़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे- पोषण की कमी, गलत लाइफस्टाइल, खेल-कूद में कमी आदि। अगर सही समय से बच्चे की हाइट न बढ़े, तो ये बातपेरेंट्स को काफी परेशान करती है। लेकिन लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करके बच्चों की हाइट बढ़ाने में मदद की जा सकती है।

लटकना है जरूरी : बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए सुबह और शाम बच्चे को लटकने के लिए प्रेरित करें। लटकने से पीठ की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और इनमें खिंचाव आता है, जो हाइट बढ़ाने में मददगार हो सकता है। रोज लटकने से रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है। बच्चों के लटकते समय उनके आसपास ही रहें। ध्यान रखें जब वह लटकें तो उन्हें चोट न लगे।

योगासन कराएं : योग करने से शरीर स्वस्थ बनता है। बच्चे अगर नियमित रुप से सूर्य नमस्कार, त्रिकोणासन, ताड़ासन और वृक्षासन आदि करते हैं, तो उनकी हाइट बढ़ने में मदद मिलती है। बच्चों का ऐसा रूटीन सेट करें कि वह सुबह और शाम योग के लिए टाइम निकाल सकें। कोशिश करें आप भी बच्चों के साथ योग करें। इससे बच्चों में योग की प्रति रूचि पैदा करने में मदद मिलेगी। आप बच्चे के साथ पार्क में जाकर ग्रुप योग भी कर सकते हैं। ऐसा करने से बच्चे को योग करने मे मन लगेगा।

फल और ड्राई फ्रूट्स खिलाएं : बच्चों की हाइट तभी सही से बढ़ेगी, जब उनका इम्यून सिस्टम मजबूत होगा। इम्यून सिस्टम मजबूत होने से बच्चे कम बीमार पड़ेंगे और उनका विकास सही गति से होगा। बच्चे के इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए बच्चों के आहार में विटामिन सी की मात्रा बढ़ाएं। इसके लिए बच्चे को फल खिलाएं, साथ ही उनके आहार में ड्राई फ्रूट्स को शामिल करें।

बच्चों को आउटडोर एक्टिविटी करवाएं : अपने बच्चे को खेलकूद के लिए खूब प्रेरित करें। बच्चों को साइकिल चलाने, फुटबॉल खेलने, बास्केटबॉल खेलने, रस्सी कूदने और बैडमिंटन खेलने जैसी एक्टिविटीज के लिए बाहर भेजें। ये सभी एक्टिविटीज बच्चों की हाइट बढ़ने में मददगार होने के साथ उन्हें सोशल होने में भी मदद करेंगी। इन एक्टिविटीज को रेगुलर करने से बच्चे मोटापे का शिकार भी नहीं होंगे।

नींद : बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है। बच्चों को दिनभर में 10 से 12 घंटे अवश्य सुलाना चाहिए। बच्चे की नींद पूरी कराने के लिए उसे रात को समय पर सुलाने के साथ दिन में भी थोड़ी देर के लिए जरूर सुलाएं।

पाचन शक्ति बढ़ाने में मदद करेंगे ये घरेलू उपाय

आपने अक्सर डॉक्टर्स या हेल्थ एक्सपर्ट्स को कहते सुना होगा कि आपका पेट जितना स्वस्थ रहेगा, उतना ही सेहतमंद रहेंगे। ऐसा माना जाता है कि संपूर्ण स्वास्थ्य की भलाई आपके पेट के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। इसलिए अपने पेट, आंत और पाचन तंत्र का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। लेकिन हम में से ज्यादातर लोग अपने खराब खानपान और जीवनशैली की आदतों के चलते खराब पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना आए दिन करते हैं, जिसमें पेट में दर्द, सूजन, ब्लोटिंग, गैस, एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी समस्याएं सबसे आम हैं। अगर लंबे समय तक ये समस्याएं बनी रहती हैं, तो इससे कई अन्य गंभीर समस्याओं का जोखिम बढ़ता है। बवासीर जैसी समस्याओं के लिए कमजोर पाचन एक बड़ा कारण हैं।



भोजन को अच्छी तरह चबाएं

पाचन तंत्र को मजबूत बनाने का सबसे आसान उपाय है, आप जो कुछ भी खाते हैं उसे अच्छी तरह चबा-चबा कर खाएं। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें आपका भोजन आधे से ज्यादा आपके मुंह में ही पचने योग्य हो जाता है। आप जितना अच्छी तरह और धीरे-धीरे भोजन को चबाते हैं तो उसमें लार अच्छी तरह मिल जाती है। जो भोजन के बेहतर पाचन में सहायता करती है और पाचन को मजबूत बनाती है, क्योंकि हमारी लार में पाचन एंजाइम होते हैं।

गर्म पानी से दिन की शुरुआत करें

अगर आप सुबह गुनगुने पानी से दिन की शुरुआत करते हैं, तो यह न सिर्फ आपकी पाचन क्रिया को मजबूत बनाने में मदद करता है, बल्कि टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में भी मदद करता है। यह अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने में बहुत सहायक है। आप चाहें तो जीरे के पानी में शहद और नींबू का रस मिलाकर भी सेवन कर सकते हैं, इससे बहुत लाभ मिलेगा।

फाइबर रिच फूड्स का सेवन करें

कोशिश करें कि आप फाइबर से भरपूर फूड्स जरूर खाएं, क्योंकि फाइबर आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए बहुत जरूरी है। यह पेट संबंधी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में भी मदद करता है। ड्राई फ्रूट्स, नट्स, बीज, साबुत अनाज, दाल, सोयाबीन, राजमा, छोले आदि में फाइबर अच्छी मात्रा में होता है।

लंच में दही या छाछ पिएं

दही और छाछ दोनों ही बेहतरीन प्रोबायोटिक्स में से एक है। प्रोबायोटिक्स आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने में मदद करते हैं और पाचन शक्ति को बढ़ाते हैं। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करने में भी मददगार हैं।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आज

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि 9 अक्टूबर को चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ ही विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके। गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। वहीं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी को चिह्नित कर उनके प्रसव का प्रबंधन किया जाएगा।

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गोयल दंपती का किया सम्मान



निसं

तारानगर (नवयत्न)। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सेवा एवं सहयोग के लिए तारानगर के भामाशाह ताराचंद गोयल एवं विम्पी गोयल का आदर्श विद्या मंदिर परिवार की ओर से सम्मान किया गया। आदर्श विद्या मंदिर प्रबंध समिति के प्रतिनिधि राधाकृष्ण गौशाला पहुंचे और गोयल दंपती का अभिनंदन करते हुए उनके शैक्षणिक योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। ताराचंद गोयल द्वारा आदर्श विद्या मंदिर एवं राजकीय मां जलपा देवी महाविद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विकास में उल्लेखनीय सहयोग दिया गया है। अब वे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, तारानगर को नया स्वरूप देने के लिए भव्य एवं सुविधायुक्त भवन के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय समिति ने गोयल दंपती को उनके द्वारा आदर्श विद्या मंदिर को प्रदान किए गए भवन का अवलोकन करने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया। समिति की ओर से उन्हें विद्यालय में विकसित की गई विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं एवं इंटीग्रेटेड बोर्ड सहित शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन करने का आग्रह किया गया, ताकि उनके सहयोग से साकार हुए इस शैक्षणिक परिसर की उपलब्धियों से वे रूबरू हो सकें। आदर्श विद्या मंदिर परिवार ने गोयल दंपती के शिक्षा के प्रति समर्पण एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका योगदान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सदैव स्मरणीय रहेगा।

सेवा सेतु शिविर में लोगों को वितरित किए पट्टे



निसं

तारानगर (नवयत्न)। सेवा सेतु अभियान के तहत नगरपालिका परिसर में गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगरपालिका अध्यक्ष हरिप्रसाद इंदौरिया व नगरपालिका उपाध्यक्ष जमरदीन तेली ने लोगों को अभियान के तहत बनाए गए पट्टे वितरित किए। पालिकाध्यक्ष इंदौरिया व उपाध्यक्ष तेली ने लोगों को सेवा सेतु शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अजय प्रताप सिंह, भूमि शाखा प्रभारी शक्तिसिंह राठौड़, पार्षद विशाल शर्मा, माणकचंद सैनी, चुन्नीलाल सैनी, भगवती प्रसाद शर्मा, प्रदीप सोनी आदि सदस्य मौजूद थे।

आम सूचना

Au Small finance bank शाखा रतनगढ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नंदकिशोर पुत्र मांगीलाल स्वामी निवासी रतनगढ़, जिला चूरू अपनी व्यावसायिक जायदाद तादादी 231.75 वर्ग फ़ीट वाके वार्ड नम्बर09, दिखनादा बाजार, तहसील रतनगढ़, जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 30.04.2026 को ओम प्रकाश पुत्र जोधराज तापड़िया जरिये GPA भरत कुमार पुत्र तोलाराम जालान व हेमंत कुमार पुत्र महाबीर प्रसाद जालान व दिव्या पत्नी संदीप कुमार जालान से प्रार्थी की खरीद शुदा है। उक्त सम्पति निलामी सर्टिफिकेट दिनांकित 17.01.1929 का भाग है। उक्त जायदाद को प्रार्थि Au Small finance bank शाखा रतनगढ़ में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है।

अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उजर आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Au small finance bank शाखा रतनगढ़ के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

भवदीय
भरत व्यास एडवोकेट
78774 80007
78774 70007

एसआईआर और वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

10 अक्टूबर को 50 हजार कार्यकर्ता करेंगे दिल्ली कूच

निसं

जयपुर (नवयत्न)। विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी आंदोलन के तहत गुरूवार को प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन हुए। जयपुर में शहर कांग्रेस की ओर से कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी और वामदलों के कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश प्रभारी पुखराज पाराशर, पूर्व मंत्री बीडी कल्ला, विधायक रफीक खान सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। करीब डेढ़ घंटे तक केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के चलते कलेक्ट्रेट के आसपास यातायात प्रभावित रहा और जाम की स्थिति बन गई।

10 अक्टूबर को दिल्ली कूच का आह्वान

प्रदर्शन के बाद डोटासरा और जूली ने कार्यकर्ताओं से 10 अक्टूबर को दिल्ली कूच करने का आह्वान किया। डोटासरा ने कहा कि दिल्ली में आंदोलन कर रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जा रहा है। राहुल गांधी केवल कथित वोट चोरी की जांच और दोषियों को हटाने की मांग कर रहे हैं। उनकी बात सुनी जानी चाहिए। डोटासरा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के सांसद मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने जा रहे थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा और सड़कों पर घसीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांधीवादी तरीके से आंदोलन करेगी। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और उन्हें देश से बाहर किया, ऐसे में मोदी-शाह क्या चीज हैं। उन्होंने कहा कि 10 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़ा आंदोलन होगा। डोटासरा ने दावा किया कि राजस्थान से करीब 50 हजार कार्यकर्ता दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि आंदोलन इतना बड़ा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस्तीफा तक देना पड़ सकता है।

क्या चुनाव आयुक्त विदेशी हैं ?

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष के साथ मारपीट और धक्का-मुक्की की जा रही है तथा उन्हें सड़कों पर घसीटा जा रहा है। उन्होंने सवाल किया, क्या चुनाव आयुक्त विदेशी हैं, जो उनसे नहीं मिल सकते ? जूली ने कहा कि देश का आम जनप्रतिनिधि और आम नागरिक भी चुनाव आयोग जाकर मिल सकता है। जूली ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार गुंडागर्दी कर रही है और विरोध करने वालों के चारों तरफ पुलिस का पहरा लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान ने लोगों को विरोध करने का अधिकार दिया है। जब सरकार लोगों की बात नहीं सुनती तो जनता को मजबूती से सड़कों पर उतरना पड़ता है।

राहुल गांधी से बात करें चुनाव आयुक्त

पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि



उन्होंने पहले कभी नहीं देखा कि देश के नेता प्रतिपक्ष को सड़कों पर घसीटा जा रहा हो और उनके साथ धक्का-मुक्की की जा रही हो। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि नेता प्रतिपक्ष की सुरक्षा बढ़ाई जाए। खाचरियावास ने कहा कि सरकार किसी की बात नहीं सुन रही है, ऐसे में देश कैसे चलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर भी किसी को खड़ा नहीं होने दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई मंत्री राहुल गांधी से जाकर बात करे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भी राहुल गांधी से बात करनी चाहिए और नेता प्रतिपक्ष को विश्वास में लिया जाना चाहिए।

एक जगह ठहराव निश्चित नहीं होने एवं समय सारणी के अभाव में निगम की बस सेवा का लाभ नहीं

नंदलाल गौड़

लोसल (नवयत्न)। परिवहन निगम द्वारा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए बसों की व्यवस्था करने के अलावा हर मार्ग पर निगम की बस सेवा संचालन का प्रयास कर रहा है। लेकिन सीकर से वाया लोसल कुचामन अजमेर जाने वाले मार्ग पर बसों का संचालन होने के बावजूद लोसल एवं आसपास के इलाके के वाशिंदों को निगम की बस सेवा का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। एक तो ठहराव निश्चित नहीं है तो निगम की बाइपास से निकल रही बसों की समय सारिणी नहीं है। इसलिए पता ही नहीं चलपाता कि किस जगह पर कितनी बजे बस जाएगी। इस मार्ग पर यूं नहीं की निगम की बस सेवा का संचालन नहीं है बल्कि लंबी दूरी तक की बसों का संचालन होने के बावजूद सेवा का विशेष लाभ नहीं मिल रहा है। क्योंकि यह बसे लोसल बाइपास होकर निकल रही है। सीकर से चलकर आने वाले यात्रियों की शिकायत है कि लंबी दूरी की निगम की बसों में लोसल बाइपास आते ही एक जगह का ठहराव का हवाला परिचालक देकर शहर से तीन किलोमीटर पहले ही बस से उतार दिया जाता है। इस वजह से यात्रियों को परेशानी होती है। इस हाइवे मार्ग पर तीन जगह पर चौराहा आता है सबसे पहले सीकर रोड से कुचामन की तरह गाड़ी टर्न लेते ही जो तेजा सर्किल के नाम से जाना जाता है। दूसरा भीमा चौराहा इसके आगे सैनी कॉलोनी का चौराहा आता है। पहला चौराहा से शहर की दूरी तीन किलोमीटर पड़ती है जबकि इन दोनों चौराहा से एक किलोमीटर पड़ती है। यहां से आसानी से यात्रि अपने घर पहुंच सकता है। अगर एक जगह पर रोकना है तो ऐसी जगह पर ठहराव हो जहां से शहर की दूरी कम पड़े। ऐसा होने से परिवहन निगम की बसों का एक जगह पर ठहराव होने का आमजन को मालूम पड़ जाएगा और यात्रियों को भी निगम की बस सेवा का लाभ मिलने लग जाएगा। इधर निगम की आय में भी वृद्धि होगी। सीकर वाया लोसल कुचामन मार्ग पर अब निगम की बसों का संचालन बढ़ता जा रहा है। लंबी दूरी की बसें भी इसी मार्ग से गुजर रही है। यह बसे लोसल रोडवेज बस स्टैंड से होकर गुजरना तो दूर की बात है बाइपास से निकलती है और एक जगह का ठहराव का अभाव के चलते यात्रियों के कंफ्यूजन बना रहता हैं कि कहा पर ठहराव होगा या नहीं। आमजन का कहना है कि बाइपास से होकर गुजर रही निगम की बस सेवा का लाभ एक स्थान तय नहीं होने पर नहीं मिल रहा है। लोसल इलाके का एक बड़ा हिस्सा के लोगों के लिए तो बड़ा फायदा है क्योंकि कुचामन कोटपुतली हाइवे मार्ग के आसपास रहते हैं। ऐसे में उनको दो साइड आने जाने का बड़ा लाभ निगम सेवा का मिल सकता है। सीकर रोड से ज्यों ही निगम की गाड़ी टर्न लेती है वहां पर तो जरूर रोकी जाती है लेकिन लंबी दूरी पड़ने से यहां पर पहुंचने में परेशानी होती है।

सामूहिक शिव पूजन, 100 जोड़ों ने की शिव पूजा

श्रीराम तिवाड़ी

नोखा (नवयत्न)। प्रदोष पर्व के पावन अवसर पर नोखा में भव्य सामूहिक शिव पूजा का आयोजन किया। आयोजन श्री बाबा छोटूनाथ स्कूल परिसर स्थित यज्ञशाला स्थल पर शाम 5 बजे से हुवा। पूजा अनन्तश्री विभूषित परम पूज्य दण्डी स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती महाराज के दिव्य सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। आयोजन को लेकर सनातन धर्मावलंबियों में उत्साह है। सामूहिक शिव पूजा में 100 जोड़ों ने पूजा की। श्रद्धालु दम्पतियों को प्रदोष काल में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान महादेव की पूजा-अर्चना की। आयोजकों ने बताया कि प्रदोष काल में भगवान शिव की आराधना का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्याशी को सूचना
(आदेश 41 का नियम 14)
न्यायालय - राजस्व अपील प्राधिकारी सीकर कोर्ट मुकाम कैम्प झुन्झुनूं
अपीलान्ट इन्द्र सिंह विरुद्ध सरोज कंवर आदि
अपील सं. 240/26
विपक्षीगण/रेस्पोडेंटस

1. सरोज कंवर पुत्री रणवीर सिंह
2. विजेन्द्र सिंह पुत्र रणवीर सिंह
3. नीरू कवंर पुत्री रणवीर सिंह
4. राज कंवर पत्नी रणवीर सिंह
5. लकी कंवर पुत्री पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र हनुमान सिंह
6. मीलन दीप पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र हनुमान सिंह
7. भूपेन्द्र सिंह पुत्र हणमान सिंह
8. शैलेन्द्र सिंह पुत्र हणमान सिंह
9. नरेन्द्र सिंह पुत्र गोविंद सिंह
10. भैरू सिंह पुत्र गोविंद सिंह
11. रतन कंवर पुत्री गोविंद सिंह
12. रविन्द्र सिंह पुत्र गोविंद सिंह
13. तेजपाल सिंह पुत्र गोविंद सिंह
14. योगेन्द्र सिंह पुत्र गोविंद सिंह
15. दुर्गा कंवर पुत्री गोविंद सिंह
16. हिम्मत कंवर पुत्री गोविंद सिंह
17. खेम सिंह पुत्र उगम सिंह
18. गजेन्द्र सिंह पुत्र भंवर सिंह
19. चान्द कंवर पत्नी करण सिंह
20. बृज कंवर पुत्री भंवर सिंह
21. महेन्द्र सिंह पुत्र भंवर सिंह
22 मांगु सिंह पुत्र बन्ने सिंह
23 रिपुदमन सिंह पुत्र करण सिंह
24. सत्यवीर सिंह पुत्र करण सिंह
25. शिवपाल सिंह पुत्र भंवर सिंह
26. सोमपाल सिंह पुत्र हरि सिंह
27 हस कंवर पत्नी स्व. करणी सिंह
समस्त जातियान राजपूत, निवासीगण चिराना, तह. नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
28. विरेन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह जाति जाट नि. निमाण हाल निवासी ग्राम चिराना, तह. नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
29. नरेन्द्र सिंह पुत्र रामेहर
30. सुरेन्द्र पुत्र रामेहर
जाति समस्त जाति जाट, नि. रनहोला नांगलोई, दिल्ली, हाल निवासी चिराना, तह. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं
31. रविन्द्र कुमार पुत्र राजपाल सिंह शेरावत, जाति जाट नि. मकान नं. 102, 103, ही, ब, हि अमराई, दिल्ली, हाल निवासी चिराना, तह. नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
32. राजेन्द्र पुत्र माण्डेराम
33. सुजाता पत्नी रामचन्द्र
34. सतीश कुमार पुत्र माण्डेराम
समस्त जातियान जाट, नि. मकान नं 102, 103, ही, ब, हि अमराई, दिल्ली, हाल निवासी चिराना, तह. नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
35. शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा चिराना, तहसील नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
36. शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा डाबड़ी बलौदा, तह. व जिला झुन्झुनू
37. शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा उदयपुरवाटी, जिला झुन्झुनू
38. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, तहसील नवलगढ़ जिला झुन्झुनू
39. उपपंजीयक महोदय, उपपंजीयन कार्यालय- नवलगढ़ जिला झुन्झुनू

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में उपखण्ड अधिकारी नवलगढ़ के न्यायालय के आदेश दिनांक 01/4/26 के वाद सं. 87/25 दावा घोषणार्थ, बंटवारा रिकार्ड दुरूस्ती, स्थाई निषेधाज्ञा के विरूद्ध अपील द्वारा अपीलांट उपस्थापित की गई है और इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर की ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा तारीख 30/10/2026 नियत की गयी है। यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपका प्लीडर या आपके कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जायेगी। यह आज तारीख 9581/6-10-26 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

रीडर
भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं
पदेन राजस्व अपील अधिकारी
सीकर (कैम्प झुन्झुनू)

झालाना का राणा कहां गया ?

12 दिन बाद भी वन विभाग के हाथ खाली

निसं

जयपुर (नवयत्न)। झालाना लेपर्ड सफारी की पहचान बन चुके लेपर्ड राणा के लापता होने के 12 दिन बाद भी वन विभाग को उसका कोई सुराग नहीं मिला है। बुधवार को वन विभाग की टीमें दिनभर झालाना जंगल के अलग-अलग हिस्सों में राणा की तलाश करती रहीं, लेकिन कोई ठोस संकेत नहीं मिला। लगातार तलाश के बावजूद राणा का पता नहीं चलने से वन्यजीव प्रेमियों की चिंता बढ़ गई है। राणा की तलाश के लिए डीएफओ आशीष व्यास, एसीएफ जितेंद्र सिंह शेखावत और रेंजर विजयपाल यादव के नेतृत्व में टीम ने जंगल के संभावित क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया। एमएनआईटी के आसपास के क्षेत्र में भी वन विभाग की टीमें निगरानी कर रही हैं। विभाग अब राणा की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त कैमरा ट्रैप लगाने की तैयारी कर रहा है।

बारिश के बाद बढ़ी घास बनी चुनौती

डीएफओ आशीष व्यास के अनुसार हाल में हुई बारिश के बाद झालाना जंगल में घास काफी बढ़ गई है। घनी और ऊंची घास के कारण लेपर्ड की तलाश चुनौतीपूर्ण हो गई है। जंगल का क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण प्रत्येक हिस्से की निगरानी में भी समय लग रहा है। ऐसे में कैमरा ट्रैप और अन्य निगरानी माध्यमों से राणा की मौजूदगी का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



निगरानी और स्टाफ पर सवाल

राणा के लगातार लापता रहने के बीच झालाना जंगल की निगरानी व्यवस्था और स्टाफ की कमी का मुद्दा भी उठ रहा है। वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि जंगल में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के साथ स्टाफ की कमी दूर करने की जरूरत है। वहीं सफारी ट्रैक के रखरखाव का काम भी किया जाना है। वन विभाग के अनुसार झालाना में निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। राणा की तलाश के लिए अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही स्टाफ की कमी दूर करने की दिशा में भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

लगातार जारी है तलाश

झालाना की पहचान बन चुके राणा के 12 दिन से दिखाई नहीं देने के बाद वन विभाग लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहा है। जंगल के विभिन्न हिस्सों के साथ एमएनआईटी क्षेत्र में भी निगरानी की जा रही है। कैमरा ट्रैप के जरिए उसकी गतिविधियों का पता लगाने का प्रयास जारी है। फिलहाल राणा का कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।

आपदा प्रबंधन पर कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप आयोजित

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के मैनेजमेंट स्टडीज विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बीबीए सेमेस्टर आईआईआई के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। किताबी ज्ञान से इतर व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस इंटरैक्टिव कार्यशाला का संचालन एनडीआरएफ 6वीं बटालियन, वडोदरा, गुजरात/आरआरसी अजमेर की विशेषज्ञ टीम द्वारा इंस्पेक्टर पीडी स्वामी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ टीम ने विद्यार्थियों को सीपीआर, अत्यधिक रक्तस्राव रोकने के उपाय, सर्पदंश के समय प्राथमिक उपचार तथा बाढ़ व चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों की लाइव डेमो के साथ जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ छवि जैन एवं डॉ अमिता शर्मा द्वारा किया गया। विभाग के संकाय सदस्यों एवं सपोर्ट स्टाफ के सहयोग से यह कार्यशाला सुचारू रूप से संपन्न हुई।



प्रताप नगर कोचिंग हब को विकसित भारत संकल्प से जोड़ने की मांग

निसं

जयपुर (नवयत्न)। प्रताप नगर स्थित कोचिंग हब को विकसित भारत संकल्प से जोड़ते हुए इसे रोजगार केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की गई है। ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ ने नगरीय आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा से कोचिंग हब को सफल बनाने के लिए राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम की संयुक्त टीम गठित करने की मांग की है। ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू किए गए बेरोजगारी मुक्त भारत अभियान के तहत कोचिंग हब के माध्यम से प्रतिवर्ष करीब 30 हजार युवाओं को 30 हजार से डेढ़ लाख रुपए तक मासिक वेतन वाली नौकरियां उपलब्ध कराने का मॉडल तैयार किया गया है। महासंघ के अनुसार नगरीय आवास मंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही नगरीय विकास विभाग के उच्च अधिकारियों, जेडीए आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त और नगर निगम आयुक्त की संयुक्त बैठक कर कोचिंग हब को विकसित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शर्मा ने कोचिंग हब में अत्यधिक



किराये को प्रमुख समस्या बताते हुए इसे कम करने की मांग की। उन्होंने वर्तमान में की जा रही सीज कार्रवाई के दौरान कोचिंग हब में आवंटित कोचिंग संस्थानों को पर्याप्त समय देने की भी मांग रखी। प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने कहा कि टेक्नो ग्लोब कोचिंग और सम्यक कंप्यूटर क्लासेस के माध्यम से अब तक करीब 15 लाख बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने का दावा किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियों से ही बेरोजगारी पूरी तरह समाप्त करना संभव नहीं है। ऐसे में कोचिंग हब के तीन टावरों में उच्च वेतन क्षमता वाली अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर हर वर्ष करीब 30 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। पदाधिकारियों ने बताया कि कोचिंग हब के पहले सफल आवंटन में राजस्थान आवासन मंडल, जेडीए और नगर निगम ने संयुक्त रूप से व्यवस्था लागू की थी। उनके अनुसार यह व्यवस्था सफल हो रही थी, लेकिन बाद में गोपालपुरा क्षेत्र के कुछ भवन मालिकों की राजनीतिक लॉबी के कारण योजना में बदलाव किया गया। महासंघ का कहना है कि कोचिंग नियामक आयोग के कठोर नियमों की पालना के मद्देनजर अब कोचिंग संस्थानों के लिए कोचिंग हब को सफल बनाना महत्वपूर्ण हो गया है।

कलश यात्रा के साथ शुरू होगा नवरात्र महोत्सव

अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय वार्ड नं. 3 में स्थित श्री सूर्यभगवान मंदिर में 11 अक्टूबर से भव्य शारदीय नवरात्र महोत्सव का आयोजन शुरू होगा। विक्रमसिंह चोबदार ने बताया कि तिरुपति बालाजी मंदिर से विशाल कलश यात्रा के साथ यह महोत्सव शुरू होगा। उसके बाद विधिवत घटस्थापना और पूजन के साथ नवरात्र महोत्सव का श्रीगणेश होगा। आयोजन समिति के अनुसार इस दौरान मंदिर परिसर में नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और शाम को भव्य आरती के कार्यक्रम होंगे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

784 गर्भवती और 3426 बच्चों को लगाए जीवनरक्षक टीके



सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले की गर्भवती महिलाओं की सेहत पर लगातार नजर रखी जा रही है। विभाग की ओर से गुरूवार को मनाए गए मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों व चिकित्सकों ने गर्भवती की सेहत का परीक्षण किया। वहीं बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के टीके लगाए गए। जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने टीकाकरण स्थल व चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि एमसीएचएन दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों को पीलिया, टीबी, हैपेटाइटिस बी, गलघोंटू, काली खांसी, निमोनिया, टिटनेस, मैनिनजाइटिस खसरा और रूबले, रोटा, दस्त आदि रोगों से बचाव के लिए टीके लगाए और गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल के बारे में जानकारी दी गई।

रामलीला का मंचन 11 अक्टूबर से



निसं

टमकोर (नवयत्न)। कस्बे में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य पर प्रतिवर्ष की भांति गणगौरी चौक में 11 दिवसीय रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रामलीला परिषद (रजि.) मलसीसर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ 11 अक्टूबर से होगा जो 21 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतिदिन रात्रि साढ़े 8 बजे से मंचन होगा। रामलीला परिषद के वरिष्ठ मंच संचालक भवानी सिंह शेखावत ने बताया कि आयोजन की समस्त तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कलाकारों को उनके अभिनय के अनुरूप रिहर्सल करवाई जा रही है। गणगौरी चौक में भव्य सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस बार रामलीला में रामचरित मानस आधारित विविध प्रसंगों का भव्य मंचन किया जाएगा। समस्त कस्बेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

कितनी भी कठिन परिस्थिति क्यों न आए, कमजोर कड़ी नहीं बनना है : वायुसेना प्रमुख एपी सिंह



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना अपना 94वां वायुसेना दिवस मना रही है। इस अवसर पर गुरुवार को गाजियाबाद स्थित हिंडन वायुसेना स्टेशन में भव्य परेड आयोजित की गई। समारोह में वायुसेना प्रमुख एपी सिंह, थलसेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन समेत वायु योद्धा और पूर्व वायुसेना प्रमुख शामिल हुए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि यह उनके लिए विशेष रूप से गर्व का अवसर है क्योंकि इसी महीने वह वायुसेना की कमान अपने उत्तराधिकारी को सौंपने जा रहे हैं।

वायुसेना प्रमुख के रूप में सेवा करना उनके लिए सबसे बड़ा सौभाग्य रहा

उन्होंने कहा कि वायुसेना प्रमुख के रूप में सेवा करना उनके लिए सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है। उन्होंने कहा कि हर वायु योद्धा को यह संकल्प लेना चाहिए कितनी भी कठिन परिस्थिति क्यों न आए, वह ऐसी कमजोर कड़ी नहीं बनेगा, जिससे वायुसेना रूपी श्रृंखला कमजोर हो या टूट जाए। उन्होंने वायुसेना में ऐसा वातावरण बनाने पर जोर दिया, जहां आपसी सम्मान हो और किसी तरह का पक्षपात या भेदभाव न हो। वायुसेना प्रमुख ने वायु योद्धाओं से संगठन के हित को हमेशा व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि वायुसेना का प्रत्येक वायु योद्धा संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और सभी को अपने कर्तव्यों तथा जिम्मेदारियों पर गर्व होना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने लगातार आत्मचिंतन की जरूरत बताते हुए कहा कि केवल आगे बढ़ना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही दिशा में आगे बढ़ना भी जरूरी है। उन्होंने वायु योद्धाओं को याद दिलाया किसी भी परिस्थिति में वायुसेना का हित उनके निजी हितों से ऊपर होना चाहिए।

मारवाड़ी युवा मंच एवं गणगौर शाखा ने किया सभापति, उपसभापति का अभिनंदन

अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। मारवाड़ी युवा मंच एवं गणगौर शाखा सुजानगढ़ द्वारा नगर परिषद के नव निर्वाचित सभापति मदनलाल गुलेरिया एवं उपसभापति सोनिका पीपलवा का अभिनंदन एवं स्वागत सम्मान किया गया। तिरूपति मंदिर के सामने स्थित रेस्त्रां में आयोजित कार्यक्रम में सुजानगढ़ के विकास, जलभराव सहित शहर की विभिन्न प्रमुख समस्याओं को लेकर सकारात्मक चर्चा की गई। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश अरोड़ा ने सभापति मदनलाल गुलेरिया के समक्ष सुजानगढ़ स्थापना दिवस को प्रतिवर्ष उत्सव के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव रखा। सभापति ने



प्रस्ताव का स्वागत करते हुए इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। शहर की सबसे बड़ी एवं लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। सभापति मदनलाल गुलेरिया ने आश्वासन दिया कि अगले बरसात के सीजन से पहले जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्य करवाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहरवासियों की इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए पूरी गंभीरता से कार्य करेगी। उपसभापति सोनिका पीपलवा ने भी सुजानगढ़ के विकास के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि सुजानगढ़ के विकास और जलभराव जैसी समस्याओं के समाधान के लिए हम सभी को मिलकर एकजुट होकर प्रयास करना होगा। पार्षद प्रतिनिधि मनीष दाधीच का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद सैन ने किया।

गणगौर शाखा अध्यक्ष करुणा जांगिड़, प्रांतीय संयोजक पूजा शर्मा, किरण तिवाड़ी, भानुप्रिया जांगिड़, सरस्वती शर्मा, सुमन जाट, ममता जांगिड़, प्रमिला प्रजापत, सविता टाक, आरती दाधीच, योगेश्वरी सैन, लोकांशी अरोड़ा, अनुज शर्मा, गौरव सोनी, सुभाष बारमेचा, सोहनलाल कच्छावा, महेश तंवर, सांवरमल जालान, प्रवीण प्रजापत, रजनीश टोकसिया, हर्षित, अरविन्द विश्नोई सहित मारवाड़ी युवा मंच एवं गणगौर शाखा के अनेक सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

सड़क व नाली निर्माण की मांग

अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। वार्ड नं. 8 के पार्षद पुखराज ने नगरपरिषद के आयुक्त को एक ज्ञान सौंपकर वार्ड में सीसी सड़क व नाली का निर्माण करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में पुखराज ने बताया है कि सागरजी कच्छावा के घर से घीसूजी खाती के कारखाने तक सड़क व नालियों की स्थिति दयनीय है। वहीं यह सड़क सीसी सड़क थी, जिस पर डामर से लीपापोती कर दी गई। दुपहिया वाहनों को भी इस सड़क पर चलने में दिक्कत होती है। अतः जल्द से जल्द यहां पर सड़क व नालियों का निर्माण करवाकर जनता को राहत प्रदान की जावे।

नव प्रवेशित प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित

अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय जीएचएस राजकीय महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से गुरूवार को सेमिनार हॉल में ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य विनीता चौधरी ने की, जबकि प्रभारी प्रोफेसर बी.एस. बैरवा रहे। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र दाधीच उपस्थित रहे। प्राचार्य विनीता चौधरी ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय जीवन



विद्यार्थी के व्यक्तित्व एवं भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन, समय प्रबंधन तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रभारी प्रोफेसर बी.एस. बैरवा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल, संस्कार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से महाविद्यालय में उपलब्ध प्रत्येक अवसर का सकारात्मक उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शैक्षणिक व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, आंतरिक मूल्यांकन, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, छात्रवृत्ति, एनएसएस, एनसीसी खेलकूद सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न छात्र कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को डिजिटल एवं ऑनलाइन शैक्षणिक संसाधनों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र दाधीच ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम आवश्यक हैं। प्रमोद कुमार, सोमदत कुल्हरी ने भी विचार प्रकट किए। संचालन दिव्या जांगिड़, डॉ अर्चना रांकावत, अनुप्रिया द्वारा किया गया।

सजेगी रंग-बिरंगी नवरंग डांडिया नाइट 2026 की शाम



निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल श्रीमाधोपुर द्वारा भव्य नवरंग डांडिया नाईट- 2026 का आयोजन किया जा रहा है। अक्षय सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में डांडिया, म्यूजिक, डांस और गरबा के साथ अभिभावकों व शहर के लोगों को एक शानदार मनोरंजक शाम का अनुभव मिलेगा। कार्यक्रम का आयोजन 17 अक्टूबर शनिवार को किया जाएगा। कार्यक्रम का समय शाम 4:30 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा।

सेवा सेतु अभियान शिविर आयोजित



अमित प्रजापत

सुजानगढ़ (नवयत्न)। सेवा सेतु अभियान 2026 के तहत गुरूवार को वार्ड 9 व 16 तक का शिविर नगर परिषद् कार्यालय के वीसी रूम में आयोजित हुआ। यूडी टैक्स के आवेदन 4, जीवीपी 5, सीवर कनेक्शन 3, नाली मरम्मत 1, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 26, स्ट्रीट लाईट 25, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 2, पीएम स्वनिधि 3, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 17, वृक्षारोपण 42, जोड़े गये पेंशनर्स की संख्या 5, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 3 मौके पर निस्तारित किये गये।

शिविर में सभापति मदनलाल गुलेरिया, पार्षद पुरूषोतम शर्मा, दीनदयाल पारीक, बाबूलाल कुलदीप, मनोज पारीक, पवन महेश्वरी, गणेश मंडावरिया, बलराम सोनी, सुमित टोकसिया, पार्षद प्रतिनिधि रिछपाल बिजारणियां, योगेश तंवर आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

इस मौके पर सहायक नगर नियोजक उदयसिंह, सहायक अभियंता चारवी, कनिष्ठ अभियंता कमलेश साखुनिया, कनिष्ठ लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़, धनराज, फायरमैन देविका, रामनिवास जाट, प्रमोद विश्नोई, सुनील विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, लेखा सहायक सरिता बुडानियां, एमआईएसए मैनेजर कृष्ण कुमार शर्मा, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा समेकित बाल विकास विभाग से उमा जांगिड़, रेखा सैनीए कमला व अनिता तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

सिटी पैलेस में प्रदर्शनी के साथ स्टूडियो इंटेंसिव आयोजित

निसं

जयपुर (नवयत्न)। जयपुर सेंटर फॉर आर्ट ने आरएमजेड फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान के युवा कलाकारों के लिए आयोजित एक माह लंबे मेंटरशिप कार्यक्रम स्टूडियो इंटेंसिव का समापन सिटी पैलेस में प्रदर्शनी बिटवीन अराइवल्स के साथ किया जाएगा। प्रदर्शनी में कार्यक्रम के दौरान तैयार की गई युवा कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। कार्यक्रम के तहत राजस्थान के 19 उभरते कलाकारों को एक माह तक स्टूडियो अभ्यास और मार्गदर्शन के



साथ कला जगत के विभिन्न विशेषज्ञों से संवाद का अवसर मिला। कलाकारों के साथ क्यूरेटर, कला संग्राहक, गैलरिस्ट और लेखकों ने भी संवाद किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा कलाकारों को रचनात्मक अभ्यास के साथ कला जगत की व्यावहारिक समझ और व्यापक मंच उपलब्ध कराना रहा। जयपुर सेंटर फॉर आर्ट के सह-संस्थापक एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा कि यह प्रदर्शनी जेसीए के लिए विशेष है। पहली बार जयपुर के स्थानीय कलाकार समुदाय को अपनी कला प्रस्तुत करने के साथ गैलरी परिसर में उसे विकसित करने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि जेसीए की दूसरी वर्षगांठ के करीब पहुंचने के दौरान स्टूडियो इंटेंसिव सबसे सार्थक कार्यक्रमों में से एक रहा। इसके माध्यम से युवा कलाकारों को एक-दूसरे से जुड़ने, अनुभव साझा करने और सिटी पैलेस आने वाले दर्शकों के सामने अपनी कला प्रस्तुत करने का मंच मिला। उन्होंने आरएमज़ेड फाउंडेशन के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कार्यक्रम में शामिल कलाकारों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

सामुदायिक बैठक आयोजित

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ में आरयूआईडीपी की ओर से चल रहा सीवरेज ड्रेनेज परियोजना के लिए जयपुर कैंप से आये डीप्टी टीम लीडर अनील सिंह एवं सामुदायिक विशेषज्ञ सोरभ पाण्डे ने वार्ड संख्या 10 रैगर बस्ती गंगा माता मन्दिर प्रांगण में पार्षद जुगल किशोर अध्यक्षता में सामुदायिक बैठक आयोजित की। बैठक में किये गए सीवरेज परियोजना कार्य के बारे में समुदाय से जानकारी प्राप्त की। सीवरेज घरेलू कनेक्शन से हुए



स्वच्छता में बदलाव के बारे जानकारी प्राप्त की गई। अनील सिंह एवं सौरभ द्वारा सीवरेज घरेलू कनेक्शन के लाभ एवं उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना को सफल बनाने के लिए जन भागीदारी पर प्रकाश डाला गया। परियोजना का लाभ सभी को मिल सके। बैठक में आए लोगों को अनील सिंह ने शिकायत के लिए टोल फ्री नम्बर के बारे में व सीवरेज परियोजना समस्या समाधान हेतु उपभोक्ता सेवा केन्द्र नगरपालिका में स्थित के बारे में जानकारी दी। बैठक में ओमप्रकाश, लालचंद, भगवान राम, महेश, छगन लाल, गणेश चन्द सहित मोहल्ले वासियों ने भाग लिया। बैठक का संचालन प्रवीण सिंह राठौड़ ने किया।

आरसीएचओ डॉ विशाल सिंह ने किया निरीक्षण



सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ सेठान और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुरा का निरीक्षण किया। उन्होंने मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने, हैड काउंट की गुणवत्ता में सुधार एवं हैड काउंट अनुसार, एएनसी रजिस्ट्रेशन, टीकाकरण एवं समस्त 14 वर्ष की बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण करने, आवश्यक उपकरणों बायोमेडिकल वेस्ट का सही प्रकार निस्तारणए वार्डों, संस्थान की साफ सफाई, कोल्ड चैन डिपो का गुणवत्तापूर्ण संचालन, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुरा द्वारा अपने निकटवर्ती प्राथमिक तथा उपकेंद्रों को वैक्सीन आवंटित करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी रामगढ़ सेठान पर बायोमेडिकल वेस्ट का सही प्रकार निस्तारण, वार्डों, संस्थान की साफ सफाई, संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ धीरेंद्र सक्सेना, डॉ योग्यता बाजिया, अन्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को दिए।

अफ्रीका के साथ विकास साझेदारी भारत के जुड़ाव में हमेशा अहम रही : विदेश मंत्री जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि अफ्रीका के साथ भारत के जुड़ाव में विकास साझेदारी हमेशा से अहम रही है और भारत की सहयोग नीति अपने अफ्रीकी साझेदार देशों की जरूरतों और प्राथमिकताओं पर आधारित रही है। कोटे डी आइवर में भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के पूर्व प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के साथ ही साझेदार देशों से भी सीखता है। जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आठ साल पहले बताए गए 'कंपाला सिद्धांतों' का जिक्र करते हुए कहा कि इन सिद्धांतों ने अफ्रीका के साथ भारत के रिश्तों और सहयोग की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारत का प्रयास रहा है कि उसके सहयोग से अफ्रीकी साझेदारों की वास्तविक जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा किया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190